हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 16 नवंबर 2024


तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री


10 प्रकृति के सच्चे पूजक होते हैं जनजातीय समाज:विधायक





11 स्वाधीनता, संघर्ष व जनजातिय चेतना की प्रतीक हैं भगवान बिरसा: ललित







न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में मिला नकली पनीर, विभागीय कार्रवाई

**कुम्हारी।** खाद्य विभाग की टीम ने नकली पनीर फैक्ट्री में छापेमारी कार्रवाई की है। यहां चार माह से नकली पनीर बनाने का काम चल रहा था।फैक्ट्री अहिवारा रोड पर स्थित है। मिली जानकारी के मुताबिक स्किम्ड मिल्क पाउडर और पाम आयल से फैक्ट्री में पनीर तैयार किया जाता था। फैक्ट्री में स्किम्ड मिल्क पाउडर, पाम आयल समेत अन्य अमानक तेल से नकली और घटिया पनीर बनाया जाता था। जिसे बाजार में धड़ल्ले से बेचा जा रहा था। नकली पनीर को लेकर खाद्य विभाग को लगातार शिकायते मिल रही थी। खाद्य विभाग ने कुछ डेयरी से सैंपल भी लिए थे। सैंपल लेने के बाद डेयरी संचालकों ने ही पनीर की फैक्ट्री का पता विभाग को दिया था। इसके बाद एसडीएम की टीम ने खाद्य विभाग के साथ रात 2 बजे फैक्ट्री में दबिश दी। जहां फैक्ट्री में नकली पनीर बनाया जा रहा था। फैक्ट्री में मौजूद लोगों ने टीम को अपने सामने में आधे घंटे में ही नकली पनीर बनाकर दिखा दिया। विभाग के अधिकारी भीा पनीर को देख हैरत रह गए। विभाग ने पनीर का सैंपल लैब में टेस्ट के लिए भेज दिया।बहरहाल खाद्य विभाग ने नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री को सील कर दिया है। इसे लेकर खाद्य अधिकारी टीएस अतरी को कॉल करने पर उन्होंने रिसीव नहीं किया।

### कारोबारी ने रची फर्जी लूट की कहानी

**भिलाई।** फर्जी लूट के मामला सामने आया है। फिलहाल पुलिस कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है। मिली जानकारी के मुताबिक गणपति विहार बोरसी निवासी विकास गगवानी कर्जे में होने के कारण नगदी 7 लाख रूपए की लूट की कहानी गढ़ाने लगा था।जिसकी शिकायत करने स्वयं करोबारी पुलिस थाने पहुंचा था। पुलिस को विकास ने बताया कि दो अज्ञात युवकों द्वारा ऑख में मिर्च पावडर डालकर लूट कर उसके रुपए लेकर फरार हो गए। मौके पर तुरंत पुलिस पहुंची और जांच करना शुरु कर दिया। इस दौरान एएसपी अभिषेक झा ने बताया सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। मामला संदिग्ध लगने पर कारोबारी से पूछताछ की गई। उसने पुलिस को बताया कि उसके ऊपर बड़ा कर्जा है। रुपए लौटाने के लिए दबाव बना रहा था। इस कारण झूठी शिकायत करना स्वीकार किया। पुलिस प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करेगी।

### 15वें वित्त आयोग के पैसे से भिलाई, रिसाली, दुर्ग सहित निकायों के टेंडर में अफसरों के अपने नियम

# निकायों में 500 करोड़ से सामग्री खरीदी टेंडर अफसरों के अपने नियम, जैम की शर्तें दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

15 वें वित्त आयोग द्वारा नगरीय निकायों के लिए जारी पैसे से सामान खरीदी की जा रही है। भिलाई, दुर्ग, रिसाली, कुम्हारी सहित पूरे प्रदेश भर के नगरीय निकायों के लिए प्रथम किश्त 500 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। इस राशि से सामान खरीदी के लिए टेंडर निकाले गए हैं। टेंडर इसलिए विवाद में आ गया है कि सभी निकायों में अफसरों न अपनी सोच और समझ से इसके नियम व शर्तें तय कर दिए हैं। प्रदेश सरकार के जैम पोर्टल के नियम को दरकिनार कर ये खरीदी की जा रही है। इससे सरकार को करीब 100 करोड़ रुपए का फटका लग सकता है।

हरिभूमि पड़ताल



#### जांच का यह है विषय

**पहला**

जानकारों के मुताबिक सभी निकायों ने एक जैसे ही नियम और शर्तें कैसे लागू कर दी। क्या किसी व्यक्ति विशेष के दबाव में ऐसा किया जा रहा है, ये भी जाँच का विषय है। धर्मजयगढ़ सहित कई निकायों में मात्र 10 दिन की समय सीमा और उन्ही नियम और शर्तों के साथ निविदा जारी की गई है, कई निकायों में 15 से ऊपर निविदाकार भाग ले रहे है परन्तु मात्र चुनिंदा 3 निविदाकारों की निविदा को स्वीकृत कर बाकि को बिना कारण बताये निरस्त कर दिया जा रहा है।

**दूसरा**

कई निकायों में ऐसा भी हो रहा है की एक ही निविदाकार द्वारा निविदा भी डाली जा रही है और निकाय की निविदा समय सीमा उपरांत उसी कम्प्यूटर से खोली भी जा रही है। यानी निविदाकार ही निकाय की तरफ से सबसे पहले निविदा लगा रहे है। उसके बाद खुद अपनी निविदा भर रहें और आखरी में उसी निविदा को खोल भी रहे हैं।

#### इन शर्तों को लेकर ऐसी विसंगति

- एक कंडिका जिसमे निविदाकार के पास टोल फ्री नंबर होना चाहिए अन्यथा निविदा में भाग नहीं लिया जा सकता अर्थात कोई मल्टी नेशनल कंपनी जिसके पास टोल फ्री हो वो निविदा में भाग ले सकती है।
- कंडिका क्रमांक 17 से लेकर 22 तक में निविदाकार/ निर्माता के पास आईएसओ प्रमाणित रिस्क मैनेजमेंट प्रमाण पत्र, एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम, कस्टमर सटिस्फैक्शन एंड कंप्लेंट मैनेजमेंट, कम्प्लाइंस सर्टिफिकेट मचिनारी डायरेक्टिव 2006/24/ईसी जेड जो की एमएसएमई द्वारा प्रमाणित हो, इन प्रमाण पत्रों को निविदा में भाग लेने हेतु अनिवार्य रखा गया है।
- एक ही कार्य के नियम शर्त की 2 कंडिकाओं में निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकार/निर्माता कंपनी का पिछले 3 वित्तीय वर्ष में औसत टर्न ओवर 50 लाख से लेकर 10 करोड़ तक माँगा गया है। यह कार्य की आवश्यकता से बहुत ज्यादा है।
- निविदाकार को फर्म का न्यूनतम 10 से 50 लाख की राशि के लिए अपने बैंकर से बैंक सॉल्वेंसी पत्र प्रस्तुत करने की अनिवार्यता है अन्यथा निविदा में भाग नहीं लिया जा सकता।
- निविदाकार को निर्माता या अधिकृत विक्रेता होना अनिवार्य है. अधिकृत विक्रेता को निर्माता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।ये समस्त नियम शर्ते किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचने एवं छत्तीसगढ शासन के भंडार क्रय नियम (जिसके तहत पूरे प्रदेश में खरीदी की जाती है) को ही दरकिनार करते हुए ये शर्ते लगाई गई है।

#### टेंडर में ये उठ रहे हैं बड़े सवाल

- ऐसा कैसे संभव है की कुछ निकायों को छोड़ के बाकी सभी निकायों में एक जैसी ही नियम और शर्ते लागू की गई है।
- प्रदेश स्तर पर अलग- अलग डीलर नियुक्त कर दिल्ली-नोएडा की एक फर्म ने ही सभी इस नियम शर्त अनुसार दस्तावेज अपने डीलर को दिए हैं।
- ये कैसे संभव है कि डीजल से चलने वाली ट्रक, और हाथ से किचन वाली कचरा गाड़ी के एक सामान नियम और शर्ते रखी गई है।
- जहां भी निविदा खुल चुकी है, वहां निविदाकार को छोड़ बाकि सभी की निविदा निरस्त कर दी गयी है।
- कुछ निकायों दुर्ग, भिलाई, रिसाली जैसे में नियम और शर्त की लिखावट, भाषा, फॉण्ट, उतनी ही कण्डिकाएं लगी हुई हैं।

#### इन निगमों में सामग्री खरीदी

नगरीय निकाय भिलाई, दुर्ग, धमतरी, भिलाई चरोदा, रिसाली नगर निगम, महासमुंद, भाटापारा, बागबहरा, गुंडरदेही, गोबरा, चंद्रपुर, कोंडागांव, दल्ली राजहरा एवं अन्य नगर पालिका जैसे विभिन्न निकायों द्वारा 15वें वित आयोग के तहत विभिन्न कार्यों के लिए सामग्री की खरीदी करने हेतु जैम से निविदा बुलाई गई है। जिसमें हॉइड्रोलिक एक्सकैवेटर, स्क्रीनिंग मशीन, हॉपर ट्रिपर डम्पर, ट्रेक्टर ट्रेलर, रेफ्यूज कम्पेक्टर, ट्रेक्टर ट्रेलर माउंटेड सक्शन मशीन, ट्रक माउंटेड सक्शन मशीन, रोड स्वीपर, व्हील बैरो, ई-रिक्शा, ट्राइसाइकिल रिक्शा, प्लास्टिक बॉलिंग मशीन, ट्विन बिन एवं अन्य प्रकार की सामग्री खरीदी होनी है।

#### टेंडर हथियाने रचा ऐसा खेल

जानकारों का कहना है कि आईपी एड्रेस के जरिये इस बात का आसानी से पता लगाया जा सकता है, ये अति महत्ववपूर्ण जांच का विषय है की जिन 3 निविदाकारों की निविदा को स्वीकृत किया जा रहा है। वे वही राज्य के बाहर के संस्थान है। टेंडर हथियाने का ऐसा खेल रचा गया है कि प्रदेश भर में अपने चुनिंदा डीलर नियुक्त कर अपने हिसाब से नियम और शर्ते बना कर अपने और अपने डीलर की निविदा स्वीकृत करवा रहे हैं। निकाय के कतिपय अधिकारी की संलिप्तता इससे जाहिर होते हैं।

#### सामान खरीदी की प्रवृत्ति अलग

डीजल से चलने वाली ट्रक, बैटरी से चलने वाली रिक्शा, पैडल से चलने वाली रिक्शा और हाथ से खींचने वाली कचरा गाडी, कचरा निष्पादन की मशीन, मार्ग में लगने वाले डस्टबीन, गटर के पानी को साफ करने वाली मोटरेबल मशीन एवं अन्य प्रकार की खरीदी करने के लिए एक समान नियम और शर्ते लगायी गई है। जबकि सभी क्रय किये जाने वाली सामग्री की प्रवृत्ति अलग- अलग हैं। इसलिए इनके नियम और शर्ते भी अलग- अलग होनी थी।

#### मामले की शिकायत

टेंडर की विसंगति को लेकर पूर्व पार्षद ललित मोहन ने निगम आयुक्त सहित नगरीय निकाय विभाग को शिकायत भी की है लेकिन अब तक जांच शुरू नहीं हो पाई है। इस मामले से जुड़े लोगों ने भी शिकायत कर जांच की मांग की है।

### भिलाई-3 पुलिस पेट्रोलिंग से भी किया विवाद

# पुलिस वालों की वर्दी उतारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

शराब के नशे में पुलिस वालों को वर्दी उतारने की धमकी देने वाले भाजपा के छुटभैया नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 151, 181 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि रात 3 बजे पदुमनगर भिलाई तीन निवासी भाजयुमो कुम्हारी मंडल उपाध्यक्ष गौतम सोना शराब के नशे में सिरसा गेट के पास पुलिस कर्मियों को उनकी वर्दी उतारने की धमकी दे रहा था। इसके अलाव ट्रैफिक पुलिस के एक अफसर के साथ भी नशे में विवाद कर रहा था। घटना की सूचना मिलने पर भिलाई तीन पुलिस मौके पर पहुंची और गौतम सोना को पकड़कर थाने लेकर आई। चार पहिया वाहन चलाते समय शराब का सेवन कर ट्रैफिक नियम का पालन नहीं कर रहा था। रात 3 बजे नशे की हालत में घूम रहा था। साथ ही पुलिस कर्मियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली गलौज पर उतारु हो गया था।



पुलिस ने गौतम सोना के चार पहिया वाहन को भी जब्त कर लिया है।टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि गौतम सोना पर कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया है। देर रात नशे में विवाद कर रहा था और पुलिस वालों को धमकी भी दिया है।

### एमबीबीएस सेकंड ईयर परीक्षा के लिए आज से कर सकेंगे आवेदन

**भिलाई।** एमबीबीएस सेकंड ईयर की मुख्य परीक्षा 16 दिसंबर से शुरू होगी। यह 23 दिसंबर तक चलेगी। इस परीक्षा के लिए छात्र 15 नवंबर से आवेदन कर सकते हैं। कॉलेजों में आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर तक है। इसके बाद आवेदन करने के लिए उन्हें विलंब शुल्क देना होगा। विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 नवंबर है। इस परीक्षा के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज समेत कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसी तरह एमडी-एमएस मेडिकल मुख्य परीक्षा 6 से 9 जनवरी को होगी। इसके लिए 15 दिसंबर से परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तक है। इसके बाद छात्रों को 25 दिसंबर तक विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरना होगा। इस परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 6 केंद्र बनाए गए हैं।

### घटना अंडा पुलिस थाना क्षेत्र की

# शिक्षिका की कार से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸|निकुम

स्कूल से घर लौट रही शिक्षिका की कार तेज रफ्तार में थी। इस दौरान सामने से आ रहे बाइक को कार ने चपेट में लिया। घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रुप से घायल है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। अंडा पुलिस ने बताया कि दुर्ग निवासी संगीता बडवाइक अपनी कार सीजी 07 एम ए 4102 में सवार होकर अपने स्कूल बालोद स्थित स्वामी आत्मानंद मोहंदीपीठ स्कूल से घर लौट रही थी। इस दौरान टाटा नैनो कार निकुम में पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही बाइक सवार दो युवकों को चपेट में लिया। हादसे में निकुम बस्ती निवासी जीवन पारधी की मौत हो गई। उसके साथ बैठे संतोष पारधी का अस्पताल में उपचार जारी है। आसपास के लोगों की सूचना पर अंडा पुलिस के एसआई तुलसी राम साहू टीम के साथ मौके पर पहुची थी। घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में उपचरा के लिए भेजा गया। मृतक झाडू , चटाई बेचकर अपना जीवन यापन करता था। जीवन पारधी के मौत के बाद तीन बेटियों संध्या,साधना, संजीना व एक मंद बुद्धि पुत्र है। परिवार की आर्थिक तंगी होने के कारण बच्चें स्कूल छोड़ चुके है। हरिभूमि के बातचीत में बेटी संध्या ने कहा पिता के मौत के बाद बेसहारा हो गए है। परिवार को किसी प्रकार आर्थिक सहायता नही मिली अंतिम संस्कार में परिवारो सहयोग लिया जा रहा है। बीते महीने भर पहले निकुम के ही युवक संतोष निषद को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी थी हादसे में उसकी मौत हो गई थी। क्षेत्र में हो रहे लगातार हादसों को रोकने के लिए अभी तक कोई प्लान तैयार नहीं किया गया है। उक्त सड़को पर ओव्हर लोड हाइवा ,तेज रफतार वाहनों पर अंकुश नहीं है। कार को स्वयं शिक्षिका संगीता चला रही थी। उसमें तीन-चार लोग सवार थे।



#### दो बाइक सवार की भी मौत

दो बाइक आपस में टकरा जाने से मौके पर युवकों की मौत हो गई है। अंडा पुलिस ने बताया कि बाइक में दिलेश्वर साहू अपनी बाइक सीजी 07 एलएन 8937 से निकुम से आलबरस जा रहा था। इस दौरान आलबरस के सोम साहू भी अपनी सीजी 4 सीडब्लू 1519 चंद्रखुरी बाजार से सब्जी खरीदकर घर आलबरस जा रहा था। दोनो की बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में दोनों बाइक सवार बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। हादसे में दोनों के सिर व सीने में गंभीर चोटे आई। मौक पर ही दिलेश्वर और सोम साहू की मौत हो गई। पुलिस जांच में जुटी हुई है। बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

### फंदे पर लटकती मिली युवक की लाश:

**बालोद।** पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकते हुए युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव की पहचान देवारभाट गांव के नंदलाल यादव के रूप में की है। कोतवाली पुलिस के अनुसार युवक की उम्र करीब 17–18 वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नंदलाल यादव नाम के युवक देवउठनी एकादशी के दिन से अपने घर से निकला था, जिसकी लाश शुक्रवार को पाकुरभाट स्थित आरटीओ विभाग के पीछे एक खेत में पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकते हुए मिला है।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301


### भिलाई और रिसाली निगम में पीएम आवास योजना की तैयारी

# विधायक ने शुरू कराई फेस-2 आवास योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी 2.0 रैपिड असेसमेंट सर्वे का कार्य का शुभारंभ वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा आवास योजना का फार्म भरवा कर, नगर पालिक निगम भिलाई जोन 1 नेहरू नगर में करवाया गया। विधायक रिकेश ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री बहुत संवेदनशील है। हर वर्ग के बारे में सोचते हैं। उनके द्वारा यह योजना लाई गई है हर व्यक्ति के सब सुविधायुक्त मकान हो, कोई भी परिवार आवासहीन नहीं रहना चाहिए। हम सब का प्रयास होगा प्रधानमंत्री आवास योजना फेज 2 सब हितग्राही परिवार तक पहुंचे।



आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि सर्वे करवा कर समय अवधि में आवेदन करने वाले हितग्राहियों को मकान की सुविधा प्रदान की जाएगी। जो भी मकान बनेगा वह गुणवत्तापूर्ण समय पर हितग्राहियों मिल जाएगा। इस अवसर एमआई सी प्रभारी अध्यक्ष सीजू एंथोनी, वरिष्ठ पार्षद जिला अध्यक्ष महेश वर्मा नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई, नेहा साहू पार्षद हरिओम तिवारी, रविशंकर कुर्रे संतोष मौर्या, जोन कमिश्नर ऐसा लहरे आदि मौजूद थे।

#### पार्षदों को दी पीएम आवास योजना की जानकारी

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाना और सहज हो गया है। दस्तावेज होने पर हितग्राही घर बैठे आवेदन कर सकते है। वे अपने मोबाइल से ओटीपी की मदद से आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते है।



शुक्रवार को रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने सभी एमआईसी और पार्षदों को हितग्राहियों को सीधे लाभ पहुंचाने कार्यशाला में नियमों को विस्तार से बताया। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिए अब हितग्राही को कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। हितग्राही अपने मोबाइल या फिर च्वाइस सेंटर से आवास के लिए आवेदन कर सकते है। अनिवार्य यह है कि आवेदन कर्ता का मोबाइल नंबर आधार से लिंक होना चाहिए। आवेदन भरते समय ओ टी पी आने पर आवेदक उस नंबर को दर्ज कर मांगी गई जानकारी को दे सकते हैं और हम उस फॉर्म को दो चरणों में सत्यापन कर आगे प्रेषित कर देंगे। इसके बाद हितग्राही का आवास स्वीकृत हो जाएगा। कार्यक्रम में महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, एमआईसी जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, चंद्रप्रकाश सिंह, संजू नेताम, अनिल देशमुख, डॉ सीमा साहू, ममता यादव, परमेश्वर देवदास, समेत पार्षद उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्रित

दुर्ग। श्री सत्य साई सेवा संगठन दुर्ग जिला द्वारा रक्त दान शिविर आयोजन किया गया। जिसमें 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। श्री सत्य साई सेवा संगठन के दुर्ग जिला के साई भक्तों द्वारा रक्तदान शिविर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आयोजित किया गया। इसमें समिति के युवा उपस्थित होकर रक्तदान में भागीदारी निभाई। इनमें से कुछ युवा पहली बार रक्त दान किए। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू, श्री सत्य साई सेवा संगठन छत्तीसगढ़ के उप प्रांताध्यक्ष टी रामाराव, विनोद अग्रवाल, अंजलि पिल्लै, शालिनी महेश, संदीप नायडू, दिलीप ठाकुर, निवास राव, गौरव ठाकुर, आर के तिवारी, हरिश्चंद्र ठाकुर, संजय कानखोजे, सुंदर बंसल, संतोष वर्मा, प्रशांत डोंगावकर मौजूद रहे।

### सफाई व्यवस्था सुधारने आयुक्त ने दिए निर्देश

दुर्ग। नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल की मॉनिटरिंग में सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शहर सफाई व पुलिया एवं नाली की सफाई उपरांत आम नागरिकों की परेशानी दूर होगी। निरीक्षण के मौके पर कमिश्नर ने शहर में सफाई व्यवस्था को सुधारने कहा। सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए निगम कमिश्नर लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में सुबह शहर के शिवनाथ नदी पर साफ सफाई का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने इंटकबेल, 24 एमएलडी सहित पुलगांव नाले तथा वार्ड 36 एवं 37 गंजपारा क्षेत्रों मे सफाई व्यवस्था का जायजा लिया एवं सफाई को बेहतर करने कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने शिवनाथ नदी परिसर का निरीक्षण कर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सफाई व्यवस्था देखते हुए मुख्य मार्गों से गली-मोहल्लों तक जारी रखने कहा। निरीक्षण के दौरान धर्मेंद्र मिश्रा, मोहित मरकाम, शोएब अहमद, सुरेश भारती, एमएमयू कुणाल, राहुल सहित टीम मौजूद रहे।

### युवक युवती परिचय सम्मेलन 17 को

दुर्ग। जिला साहू संघ द्वारा 17 नवंबर को गोंडवाना भवन में युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा मांगलिक पत्रिका परिचायिका का विमोचन किया जाएगा। जिसमें साहू समाज के पंजीकृत 1000 विवाह योग्य युवक-युवतियों का नाम, फोटो एवं बायोडाटा प्रकाशित किया जाएगा । एवं साथ ही युवक युवती प्रतिभागियों द्वारा अपना परिचय मंच के माध्यम से भी दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोखन साहू केंद्रीय राज्यमंत्री आवास एवं शहरी विकास, अध्यक्षता टहल सिंग साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, प्रमुख अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री, अति विशिष्ट अतिथि गजेंद्र यादव विधायक, जागेश्वर साहू पूर्व केबिनेट मंत्री, श्रीमती रामशिला साहू आदि मौजूद रहेंगे।

# कस्टम मिलिंग में पंजीयन कराने मिलर नहीं दिखा रहे रूचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत चौदह नवंबर से धान की खरीदी प्रदेशभर में शुरू हो चुकी है। लेकिन कस्टम मिलिंग के तहत इस बार एक भी मिलरों ने अनुबंध नही किया है। ऐसे में उपार्जन केन्द्रों से समय पर धान का उठाव नही होने पर आगामी दिनों खरीदी कार्य प्रभावित हो सकते है। मिलर एसोसिएशन द्वारा राज्य शासन के नए पालिसी को लेकर नाराज चल रहे है। जिसके कारण कस्टम मिलिंग के प्रक्रिया आगे नही बढ पाई हैं। ऐसे में आगामी दिनों प्रशासन को चुनौतियों का सामना करना पड सकता हैं।

जिले में 151 राईस मिलर है, जिनके द्वारा न सिर्फ दुर्ग बल्कि, बेमेतरा और बालौद सहित प्रदेश के अन्य जिलों का धान बढी मात्रा में उठाते है। लेकिन इस बार धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी एक भी मिलरों ने मार्कफेड से एग्रीमेंट नही किया है। जिसे लेकर जिला प्रशासन के भी होश उडे हुए है। सूत्रों ने बताया कि, दो दिन पहले प्रदेशस्तरीय बैठक रायपुर में की गई थी। इस दौरान मिलरों ने राज्य शासन द्वारा लाए गए पालिसी में बदलाव की मांग की गई। प्रदेशभर से आए मिलरों ने कस्टम मिलिंग की विसंतगतियों को दूर करने प्रदेश राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल को मांग पत्र सौंपा हैं। मिलरो की समस्या को लेकर प्रदेशाध्यक्ष ने राज्य शासन के समक्षा मांग रखने की बात कही हैं। इस संबंध में डीएमओ भौमिक बघेल से संपर्क किया गया, लेकिन लगातार उनका नंबर बिजी आ रहा था।

## एक भी मिलरों ने नहीं कराया एग्रीमेंट, पालिसी के विरोध में जूटे

### दर कम करने से बौखलाए मिलर

राज्य की भाजपा सरकार द्वारा प्रति क्विंटल पर मिलिंग की दर 120 रूपए से कम कर साठ रूपए कर दिया है। जिसे लेकर प्रदेशभर के मिलर बौखला गए है। हांलाकि इसके आलावा मिलरों की अन्य मांगे भी है। जिसमें बारदाने की दर 25 से बढाकर 32 रूपए कर दिया गया हैं। प्रति क्विंटल धान की मिलिंग में 55 किलो चावल बैठने के बाद भी 67 किलो लेने पर आत्तियां जताई जा रही है। इसके आलावा मार्कफेड के परिवहन टेंडर में कैमरा लगाने का उनके द्वारा विरोध किया जा रहा हैं।



### खरीदी का निर्धारण सरकार के हाथ

इस बार प्रत्येक केन्द्रों में रोजाना कितने धान की खरीदी होगी। इसका निर्धारण राज्य शासन द्वारा किया जा रहा है। राज्य स्तर से ही उपार्जन केन्द्रो में धान रखने के लिए बफर लिमिट (धान रखने की क्षमता) तय किया गया हैं। ताकि मिलर अगर उठाव में देरी करे तो खरीदी की ढोर शासन के हाथ पर रहे। बहरहाल राज्य शासन और मिलरों के बीच रास्ता नही निकला तो इसका खामियाजा किसानों को भुगतान पड सकता है। जिला राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनित जैन ने बताया कि, राज्य शासन से मांगों को लेकर बातचीत जारी हैं।

## योजना : आयुष्मान कार्ड बनाने जिले में की गई शुरुआत

# 80 हजार बुजुर्गों को मिलेगा पांच लाख तक कार्ड में मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में सत्तर प्लस बुजूर्गो का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरूवार को साफ्टवेयर अपडेट होने के बाद करीब दर्जनभर से अधिक कार्ड बन चुके है। बडी बात यह है कि, इसे भी आनलाइन कर दिया गया है। बुजूर्ग चाहे तो घर में बैठकर मोबाइल से कार्ड बना सकते है। अगर उन्हें परेशानी आए तो जिले के बारह सौ सीएससी सेंटर में सुविधा मिलेगी।

मिली जानकारी अनुसार जिले में अस्सी हजार बुजूर्गो का पांच लाख तक मुक्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। हांलाकि केन्द्र द्वारा इसकी शुरूआत अक्टूबर माह से कर दी गई थी। लेकिन साफ्टवेयर में कार्ड डाउनलोड नही हो रही थी। गुरूवार को साफ्टवेयर में सुधार के बाद प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग को प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है, वही शिविर भी लगाने कहा है। उल्लेखनीय है कि, आयुष्मान कार्ड योजन में अब 70 साल से अधिक उम्र के बुजर्गो को पांच लाख तक इलाज की सुविधा मिलेगी।

## 14 नवंबर से जिले भर में शुरु हुई आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्यक्रम



### इस तरह बना सकेंगे कार्ड

जानकारी अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने एक लिंक जारी किया है। बेनीफिसरी वाले इस लिंक में क्लिक करने पर पूरा आप्शन खुलता है। शुरूआत में लिंक में जाकर कैप्चा एंट्री करना होगा। जिसके बाद मोबाइल नंबर एंट्री कर वैरीफाई करना होगा। फिर ओटीपी आने पर इसे दर्ज करना होगा। सामने लागइन का आप्शन होगा। इसमें जाने के बाद सत्तर प्लस बुजूर्गो का फोटो खुलेगा। वहां क्लिक कर आधार नंबर लिखना होगा, वहां कैमरे का आप्शन में क्लिक कर फोटो क्लिक करना होगा। करीब आधे घंटे के बाद केवाईसी प्रक्रिया पूरी होगी। अंत में आयुष्मान कार्ड डाउनलोड कर सकेगें।

### तीस हजार ने बदल दिया राशन कार्ड

जानकारी अनुसार जिले के ऐसे तीस हजार सदस्य जो एपीएल कार्डधारी थे, वे बीपीएल की श्रेणी में आ गए है। ऐसे लोगों को पांच लाख तक इलाज कराने के लिए फिर से केवाईसी करानी होगी। उनके केवाईसी कराने के बाद कार्ड पचास हजार से पांच लाख तक के स्कीम में अपडेट हो जाएगा। अफसरों ने बताया कि, इससे पहले बुजूर्गो को परिवार के साथ पांच लाख तक इलाज की सुविधा थी। लेकिन नए स्कीम से उन्हें अलग से पांच लाख का लाभ मिलेगा।

### बनना शुरू

जिले में करीब अस्सी हजार सत्तर प्लस बुजूर्गो का चिन्हांकन कर लिया गया है। इन्हें आनलाइन की सुविधा दी गई हैं।

-डां मनोज दानी, सीएमओ,

# जेआरडी स्कूल के प्राचार्य को हटाने शासन ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जेआरडी स्कूल के विवादित प्रचार्या एस संगीता नायर की शिकायत राज्य शासन से किए जाने के बाद उन्हें हटाने का आदेश विगत दो अगस्त को जारी कर दिया गया हैं। शासन द्वारा आदेश में साफतौर पर कहा गया है कि, संबंधित प्राचार्य का व्यवहार संजोषजनक नही हैं। इसलिए उन्हें आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल जोआरडी से हटाने अन्य जगह स्थानांतरण करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यवाही नही की गई हैं।

- शासन ने प्राचार्य को हटाने कहा, डीपीआई ने मांगे थे अभिमत

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा प्राचार्य को हटाने का उल्लेख किया गया है। वही डीपीआई ने डीईओ से शिकायत पर का परीक्षण कर अभिमत मांगे थे। लेकिन डीईओ ने प्राचार्य द्वारा कोर्ट में मामला चलने का हवाला देते हुए कार्यवाही नही की है। जबकि सूत्रों ने बताया कि, राज्य शासन द्वारा हाल ही में प्राचार्य को हटाने आदेश जारी किया हैं। विगत दो अगस्त 2024 को अवर सचिव आरपी वर्मा छग शासन द्वारा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होने तत्कालीन मंत्री छग शासन स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम जेआरडी स्कूल की प्रचार्य एस संगीता नायर पर गंभीर शिकायत प्राप्त होने का उल्लेख किया है, वही उनका व्यहार संतोषजनक नही पाए जाने की बात कहते हैं।

प्राचार्य को अनयत्र स्थानांतरण के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाईस दिन बाद संचालनालय के पत्र के विरूध्द उप संचालक लेक शिक्षण छग ने डीईओ दुर्ग को पत्र लिखा था। जिसमें उन्होने ने भी अवर सचिव द्वारा किए गए गंभीर विषयों का उल्लेख किया था। उप संचालक ने डीईओ को लिखे पत्र में अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन भी मांगी थी। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किसी भी तरह की कार्यवाही नही की गई हैं। उल्लेखनीय है कि, प्राचार्य पिछले लंबे समय से विवादित और विभिन्न मामले में घिरे हुई रही हैं। उनकी शिकायत न सिर्फ जिला प्रशासन बल्कि राज्य स्तर पर भी किया जाता रहा हैं। इस मामले में डीईओ अरविंद मिश्रा का कहना है कि, पूर्व में प्राचार्या के खिलाफ शिकायत हुई थी, मामला कोर्ट में होने के कारण कार्यवाही नही की गई हैं।

### इन मामलों की पहले हुई शिकायतें

जेआरडी स्कूल में पिछले साल दो दर्जन शिक्षक स्टाफ ने प्राचार्य पर प्रताडित किए जाने का आरोप लगाकर शिकायत की थी। वही यहां के बच्चों ने भी प्राचार्य के खिलाफ जिला प्रशासन से शिकायत की थी। इसी स्कूल में एक व्याख्याता द्वारा महिला शिक्षिका से छेडछाड किया गया था। इन तमाम मामले पर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही नही किए जाने पर मंत्री से शिकायत की गई थी।

# निकाय के बाद पंचायत चुनाव के कार्यक्रम में भी किया गया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय मतदाता सूची के चुनावी कार्यक्रम में बदलाव किए जाने के बाद पंचायत चुनाव के कार्यक्रम में भी बदलाव कर दिया गया हैं। पहले अंतिम प्रकाशन 29 नवंबर निर्धारित किया गया था, जिसे अब बढाकर 13 दिसंबर कर दिया गया हैं। वही अन्य कार्यक्रम भी बदले गए है। इस तरह निकाय और पंचायत नामावली में बदलाव से तय माना जा रहा है कि, शासन दोनो चुनाव एक साथ कराने के मूढ में हैं।

- निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 13 दिसम्बर को

निकाय चुनाव का अंतिम प्रकाशन जहां 11 दिसंबर को होगा, वही पंचायत चुनाव का अंतिम प्रकाशन 13 दिसंबर यानि दो दिन बाद होगा। जिसके बाद आचार संहिता प्रभावशाली होने की संभावना हैं। जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि नियत करते हुए उसके आधार पर फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी आदेश एवं कार्यक्रम में पुनः संशोधन किया गया है। जिसमें दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करना 14 नवम्बर 2024, दावे, आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 20 नवम्बर 2024, दावें, आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तारीख 25 नवम्बर 2024, प्रारूप क-1 से रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर 2024, प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2024, दावे, आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर और निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 13 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा।

### एक जनवरी की जगह एक अक्टूबर

निकाय की तरह आयोग द्वारा अब नए वोटरों को नाम जोडाने के लिए अर्हता बढा दी है। पूर्व में यह एक जनवरी 2024 था, जिसे एक अक्टूबर 2024 कर दिया गया है। यह अर्हता अब निकाय और पंचायत चुनाव दोनो में लागू होगा। जिससे नए वोटरों की बढी भागीदारी होगी।

### प्रशासन ने जब्त किया 22 क्विंटल अवैध धान

दुर्ग। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 14 नवम्बर से प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मागदर्शन में उपार्जन के दौरान अन्य राज्य से धान की आवक कोचियों, बिचौलियों, अन्य अवांछित व्यक्तियों द्वारा किसानों के खाते में धान बेचने के प्रयासों की रोकथाम हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर पर निगरानी समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर सुश्री चौधरी के निर्देश पर निगरानी सामिति द्वारा 14 नवम्बर 2024 को धान व्यापारी, कोचियों की जांच के दौरान छोटूलाल देवांगन पिता स्व. फिरन लाल देवांगन निवासी पाटन से 10 क्विं तथा लाभचंद जैन पिता परसमल जैन निवासी ग्राम सेलूद से 12 क्विं धान की जप्ती गई है। धान उपार्जन अवधि में धान के अवैध परिवहन एवं विक्रय रोकने के लिए निगरानी समिति द्वारा जांच नियमित रूप से की जाएगी।

# शौचालयों में गंदगी मिलने पर आयुक्त ने टेंडर निरस्त कराया, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



प्रत्येक शौचालयों में हर माह साफ सफाई के नाम पर निगम प्रशासन द्वारा पन्द्रह हजार रूपए खर्च किए जा रहे है। इसके बाद भी शौचालयों की सफाई नही हो रही हैं। शुक्रवार को निरिक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर आयुक्त ने दो शौचालक का टेंडर निरस्त करने के निर्देश दिए हैं।

- मठपारा और टप्पा तालाब के पास के शौचालय पर कार्रवाई

कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने नगर निगम वार्ड नम्बर 3 के क्षेत्र के तहत मठपारा सुलभ शौचालय की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कमिश्नर ने सुलभ शौचालय की सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त न करते हुए शौचालय को निरस्त करने के लिए मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। कमिश्नर ने इसी प्रकार शहर क्षेत्र अंतर्गत सभी सुलभ शौचालय में सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुचारु बनाये रखा जाना सतत मॉनिटरिंग कर सभी सुलभ शौचालयों में सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं।

कमिश्नर ने वार्ड नंबर 3 मठपारा कब्बडी मैदान एवं टप्पा तालाब के करीब दोनो सुलभ शौचालय ठेका को निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही टप्पा तालाब की नियमित सफाई करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान चंडी मंदिर के पास का अतिक्रमण को व्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिए।

### इंडियन रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों की सूची जिले की वेबसाइट पर जारी

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा दुर्ग के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन कार्य दिसम्बर 2024 में सपन्न किया जाना है। इस हेतु इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा दुर्ग के सदस्यों की सूची जिले के वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार अपलोड सदस्य सूची में किसी प्रकार की त्रुटि के संबंध में दावा-आपत्ति होने पर अपना नाम सूची में 23 नवंबर तक दर्ज एवं त्रुटि सुधार करवा सकते है।

### कार्यक्रम में अव्यवस्था की शिकार हुई जिला पंचायत सदस्य

दुर्ग। जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन को अव्यवस्था का शिकार होना पड गया। मंच पर उनके बैठने की कुर्सी तक नही थी। हांलाकि ऐसी स्थिति में वे मंच के सामने ही कुर्सी पर बैठी रही। लेकिन इसके बाद भी कई लोगों द्वारा उन्हें अन्य जगह बैठने की बात कहते रहे। जिससे सदस्य आक्रोशित हो गई। उन्होने इसके लिए सीईओ बजरंग दुबे के समक्ष नाराजगी जताई। नाराज सदस्य जब कार्यक्रम से नाराज होकर निकल रही थी, उसी दौरान जिला पंचायत के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी सांसद विजय बघेल को मिलने पर उन्होने ससम्मान सदस्य को मंच पर बुलाया। उल्लेखनीय हैं कि, इससे पहले भी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया था।

## जनजातियों के गौरवशाली अतीत पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# प्रकृति के सच्चे पूजक होते हैं जनजातिय समाज:विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जनजातियों के उद्भव एवं विकास की वास्तविकता को लेकर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में विधायक गजेन्द्र यादव ने देश के सभी वनवासी एक जैसे होते है। उनकी बोली, परंपरा और आष्था की जानकारी देते हुए बताये की जनजातीय समाज प्रकृति को पूजते है, और छत्तीसगढ़ में सभी पर्व उन्हीं के अनुसार मनाये जाते है।

- शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर कालेज में कार्यक्रम

महाविद्यालय के विद्यार्थियों जनजातिय वेशभूषा में सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा की राष्ट्र के निर्माण में जनजातियों के योगदान को जानने, समझने एवं उस पर अमल करने की आवश्यकता बताये। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के योजनाओं पर अमल करते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव ने कहा की ईश्वर का आशीर्वाद हमें तभी मिल सकता है, जब हम प्रकृति के अस्तित्व का सम्मान करेंगे। उन्होंने अंग्रेजों के विरूध्द आदिवासी जनजातियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया की देवगुड़ी, बूढ़ा देव तथा अन्य देवाताओं के अस्तित्व एवं पर्यावरण संरक्षण में जनजातियों की विषेश भूमिका रही है।



### पूर्व आईएएस ने प्रकाश डाला

एक दिवसीय कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि सरजियस मिंज (पूर्व आई.ए.एस.), पूर्व अपर मुख्य सचिव, ने कहा कि जनजातियों द्वारा प्रकृति, कला एवं संस्कृति तथा अपने धरोहरों एवं प्राकृतिक संरक्षण की दिषा में किए गए कार्यों का विस्तृत उल्लेख किये। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राजेश पाण्डेय क्षेत्रीय अपर संचालक ने जनजाति समाज अपने इष्ट आराधना में ईष्वर से कुछ मांगते नही है, बल्कि वे प्रकृति को देते है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगणों के साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### नई पीढ़ियों को परिचय कराना जरूरी-शिवेन्द्र

बड़ी संख्या मे उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि, जनजातियों के उद्भव एवं उत्थान को सतयुग से लेकर अंडमान निकोबार के उदाहरणों से समझाये। इसके पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष शिवेंद्र परिहार ने भारत के इतिहास में जनजातियों के गौरवशाली योगदान की सराहना की। उन्होंने आव्हान किया कि, वर्तमान पीढ़ी को जनजातियों के समृध्द अतीत से परिचय कराना होगा, जिससे हमारी युवा पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में अपना समृध्द योगदान दे सके।

# महापौर व सभापति ने निगम में आवास योजना का किया शुभारंभ

दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी का पहला चरण दुर्ग में शुरू होने किया गया, जिसमें पहले चरण से वंचित आवास लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा। इस योजना के तहत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी व एमआईजी वर्ग के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। ताकि वे अपना पहला पक्का घर बना सकें।



मुख्यातिथि के रूप में महापौर धीरज बाकलीवाल, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति राजेश यादव नेता प्रतिपक्ष देवनारायण चन्द्राकर, शिवेंद्र परिहार व जनप्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 हितग्राही सर्वेक्षण कार्य का प्रारंभ कार्यक्रम मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजित किया गया। पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 के हितग्राही सर्वेक्षण का शुभारंभ आज महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया। इसके लिए लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगे। कार्यक्रम के अवसर पर एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, जमुना साहू, पार्षद काशीराम रात्रे, बिजेंद्र भारद्वाज, अजीत वैध, बृजलाल पटेल, मनीष साहू, कुलेश्वर साहू सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें। इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति राजेश यादव व जनप्रतिनिधियों द्वारा मोर मकान -मोर आस के तहत 10 हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

**खबर संक्षेप**

## प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति देने की मांग



**पाटन।** जिला में प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठकों के कई पद रिक्त है जिसके कारण सरकारी शालाओं में संचालन एवं गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग अरविंद मिश्रा से मुलाकात कर प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर प्रतीक्षा सूची से जल्द पुनः कॉउंसलिंग कर पात्र सहायक शिक्षकों को शीघ्र पदोन्नति देने की मांग तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश पर शिक्षकों ने समर कैम्प में आयोजित कर कार्य किया था। उस कार्य अवधि को नियमानुसार अर्जित अवकाश में समायोजित करने आदेशित करने का आग्रह किया। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने सभी मांगो पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आदेश जारी करने का आश्वासन दिया।

**निधन**

### जागेश्वर प्रसाद देशमुख



**दुर्ग।** ग्राम सकरौद निवासी जागेश्वर प्रसाद देशमुख का निधन 15 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम सकरौद में किया गया। वें हरीश कुमार देशमुख के पिता, इंजुक, अजय, ओंकारेश्वर, रामेश्वर प्रसाद हरमुख के भाई और दुष्यंत हरमुख के चाचा थे।

### राजेंद्र सिंह



**भिलाई।** नेहरू नगर वेस्ट निवासी राजेंद्र सिंह उम्र 94 वर्ष का निधन 14 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 नवंबर को राम नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे विवेक मोहन सिंह और डॉ. निर्वेद जैन के पिता, डॉ. संजीव जैन, डॉ. ज्योति सिंह के ससुर व ऋचा, आदित्य के दादा, डॉ. निशिता, यौनाह के नाना थे।

### पं.जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया

# बच्चों ने बाल दिवस पर लोक संस्कृति की मनमोहक नृत्य नाटिका की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंडा एवम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंडा में 14 नवंबर पं. जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के चित्र पर तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर केके सिन्हा के सहयोग से वाद्य यंत्रों के साथ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। साथ ही पं नेहरू के चित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। शाला के बच्चों एवम शिक्षकों के द्वारा बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य, विभिन्न वेश भूषा में फैंसी ड्रेस, कविता, गीत, भाषण, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ और दक्षिण भारत की संस्कृति पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। शिक्षकों और शिक्षिकाओं द्वारा शालेय गतिविधियों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया जो कि आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें शिक्षकों ने छात्र-छात्राएं बनकर आने वाली कक्षा की विभिन्न समस्याओं का जीवंत चित्रण किया। बाल मेला में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने भेल पापड़ी, पानी पुरी, चाइनीज पकौड़ा, समोसा, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, शरबत व मीठा पान का स्टॉल लगाए। खेल गतिविधियों में गिलास निशाना, टब बॉल, रिंग निशाना, अंक मिलान आदि। बालदिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों के सहयोग से शाला के सभी बच्चो को एक-एक पैन व बिस्कुट पैकेट बांटा गया। इस कार्यक्रम में एसएमडीसी के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, एसएमसी अध्यक्ष खोरबहारा राम निर्मलकर, शिक्षाविद् डीपी चंद्राकर, सेवानिवृत्त व्याख्याता सीएल चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि फेंकू चंद्राकर, सदस्यगण उपस्थित थे। प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में सभी शिक्षकों मेंप्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव, कविता लिमजे, सुधा चेलक, रेणुका चंद्राकर, संजय सिन्हा, एसके सेन, स्वाति कोठारी, रंजन देवधार, नाज़नीन खान, सीमा शर्मा, भोज साहू, विभा दुबे, लोकेश देशमुख का सहयोग रहा।

**बाल मेला में छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा**



### मटंग स्कूल में लगा बाल मेला



**सेलूद।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस 14 नवंबर को स्कूलों में बाल दिवस के रूप में मनाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला मटंग के बच्चों ने बाल दिवस के अवसर पर स्कूल प्रांगण में ही बाल मेला का आयोजन किया। बच्चों ने बाल मेला में विविध प्रकार के खाद्य सामाग्री को बेचा और बच्चों ने ही सामग्री को खरीद कर विविध सामाग्रियों को खाने का लुत्फ उठाया। बच्चों ने इस मेले के माध्यम से सामाग्री बेचने व खरीदने के तरीकों की भी जानकारी मिली। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वप्रथम संस्था के प्रधानपाठक एम के मिथलेश ने पंडित जवाहर लाल नेहरु के चित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। प्रधान पाठक ने बच्चों को पंडित जवाहर के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही सामाग्री क्रय कर व बाल मेले का महत्व बतलाकर बाल मेला का प्रारम्भ किया । बाल मेला में बच्चों ने गुपचुप, इडली, भेल, भजिया, समोसा, चना चरपटी आदि के स्टाल लगाये थे। इस अवसर पर संस्था के प्रधानपाठक एमके मिथलेश, शिक्षक बलराम वर्मा, धरोहर टोडर, शाला विकास समिति अध्यक्ष हितेश वर्मा, पालक रीतेश साहू, धर्मेन्द्र वर्मा, सतीश कौशिक, संतोषी वर्मा, सरस्वती वर्मा, तामेश्वरी अग्रवाल उपस्थित थे।

### बाल दिवस पर विज्ञान मेले का आयोजन

**धमधा।** स्काई इंटरनेशनल स्कूल धमधा में बाल दिवस के अवसर पर कौशल उत्सव अंतर्गत विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा साइंस मॉडल का प्रदर्शन किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ी कला का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारना है साथ ही उन्हें अवसर प्रदान करना है। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए स्काई इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमेन संकेत जैन, संरक्षक सुनीता जैन, प्राचार्य डॉ. माया भट्टाचार्य ने विद्यार्थियों को गिफ्ट प्रदान किया। यह जानकारी स्कूल के खेल शिक्षक जावेद खान ने दी।



### बच्चों ने पकवान बनाकर लगाया स्टॉल



**निकुम।** बाल दिवस पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम एक्सीलेंट स्कूल निकुम के स्कूली बच्चों के लिए फन बाल मेला में बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखरने निकुम युवा सेजस निकुम पालक समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू, दिनेश साहू व यशवंत साहू, राजा साहू ने मिलकर अच्छी पहल करते हुए जंम्पिंक झूला, मिक्की माउस झूला लगाकर बच्चो को स्वादिष्ट भोजन कराया। गौर हो इस स्कूल में 323 बच्चे पढ़ते हैं, वहीं बाल दिवस पर स्कूली बच्चों ने अपने नन्हे हाथों से स्वादिष्ट व्यंजन का स्टाल लगाकर व्यापार का अनुभव सीखकर मेहनत की कमाई करने की सीख बच्चों को मिली। वहीं प्राचार्य एके पांडे ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ एक्टिविटी से प्रतिभा में निखार होता है। शिक्षिका खुशबू मिश्रा सहित हर्ष सिन्हा, नेहा पिल्ले, साक्षी साहनी, रिया भोयार, मंजूलता देवांगन, डॉ. दिव्या पवार सहित शिक्षकों ने स्टॉल में खरीदी कर बच्चों का मनोबल बढ़ाकर उत्साहवर्धन किया। वही पालक समिति सेजस अध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा कि हमारी छोटी सी कोशिश से बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखरी।

### वर्तमान भारत पं नेहरू की दूरदर्शिता का परिणामः बीएम साहू



**पाटन।** शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू का जयंती प्रभारी प्राचार्य बीएम साहू, डॉ. एसके भारती विभागध्यक्ष भूगोल, जितेंद्र कुमार मंडावी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग, राहुल चौधरी, अभिषेक वर्मा अतिथि व्याख्याता समाजकार्य, विशाल श्रीवास्तव अतिथि व्याख्याता क्रीड़ा के आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेहरू के छायाचित्र में माल्यर्पण व पूजा अर्चना कर किया गया। ततपश्चात राजनीति विज्ञान परिषद द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। राजीनीति विभाग के विभागाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मंडावी ने नेहरू के जीवन परिचय को बताते हुए राष्ट्र निर्माण में भूमिका को विस्तार से बताया साथ ही उनके राजनीतिक आर्थिक सामाजिक विचारधाराओं पर प्रकाश डालते हुए नेहरू के गुटनिरपेक्ष आन्दोलन से रूस अमेरिका, ब्रिटेन से सहयोग प्राप्त कर भारत मे उद्योग स्थापित करके आर्थिक व अंतरराष्ट्रीय स्तिथि को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। राजनीति विज्ञान के अतिथि सहायक प्राध्यापक चन्द्रशेखर देवांगन ने भारतीय संविधान में नेहरू जी के विचारों का प्रभाव, आजादी के बाद भारत को मजबूत भारत बनाने में नेहरू जी के राजनितिक विचारों भूमिका के बारे विस्तार से बताया।

## स्वाधीनता, संघर्ष व जनजातीय चेतना के प्रतीक हैं भगवान बिरसाः ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कोंडागांव ऑडिटोरियम में आयोजित जनजाति गौरव दिवस एवं अंतराष्ट्रीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने प्रदेशवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की बधाई दी है। उन्होंने देश के अमर नायकों और बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हर साल 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जननायक थे। उन्होंने आदिवासी समुदाय को जल, जंगल, जमीन के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपने हक की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा दी। विधायक ने कहा कि बिरसा मुंडा ने तत्कालीन ब्रिटिश साम्राज्य की नीतियों का विरोध किया और आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक उन्नति के लिए जीवन भर काम किया। उनके क्रांतिकारी विचार और देश प्रेम की भावना आज भी हम सभी को प्रेरित करती है।

■ जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विधायक चंद्राकर

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा लगाएं गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया गया।




### नगर पंचायत उतई में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 हुआ शुरु

**उतई।** प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार आवास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना फेस 2 का शुभारंभ नगर पंचायत उतई के विभिन्न वार्डो में किया गया। शुभारम्भ के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं निगम के पदाधिकारी/पार्षदगण मौजूद थे। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर निगम कमिश्नरों द्वारा संबंधित नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना/शहरी 2.0 अंतर्गत रेपिड असेसमेंट सर्वे, संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण प्रधानमंत्री आवास 2.0 क्रियान्वित किया जाएगा।नगर पंचायत उतई शुक्रवार को 1 से 15 वार्डो से कुल 7 आवेदन प्राप्त हुए है। इस हेतु वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उक्त शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र का सर्वे, योजना के माध्यम से मिलने वाले लाभों, आवेदन प्रक्रिया और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**धमधा।** जल, जंगल, जमीन और वनवासी अस्मिता की रक्षा व मातृभूमि को अंग्रेजों की दासता से स्वतंत्र कराने के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमओ नगर पंचायत धमधा ओपी ठाकुर, आईटीआई धमधा के प्राचार्य नीता, अभाविप दुर्ग विभाग संयोजक पलास घोष, अभाविप धमधा अध्यक्ष संजय यादव, नगर मंत्री वामन ताम्रकार, आशीष, कान्हा शर्मा, अभिषेक ताम्रकार आदि उपस्थित थे।




**बिजनेस साइट**

## बाल दिवस पर हार्वेस्टिंग मशीन की खरीदारी की



**भिलाई।** बाल दिवस पर ढाबा अंजोरा के कृषक देवनारायण देशलहरे ने देवी लक्ष्मी की पूजा आराधना कर अपने इष्ट देवी देवताओं को याद कर खेती कार्य में उत्कृष्ट बहुफसली सेल्फ प्रपोल्ड फोर व्हील ड्राइव हार्वेस्टिंग मशीन केएस-9300 दूसरी बार दिलवा कर स्वयं ही नहीं अपितु पूरे परिवार एवं बचपन के साथी घासीराम देशमुख के भी होठों पर बाल दिवस की मीठी मुस्कान बिखेर दी। हमारा देश कृषि प्रधान देश है तकनीकी एवं कृषि औद्योगिकी में गगनचुंबी इमारत की तरह अंतिम पड़ाव में हैं। आज हमारा देश एक अत्याधुनिक मॉडल देश के रूप में परिलक्षित हो रहा है यूं तो हमारे देश अनेकों औद्योगिकी कृषि जगत में कार्य करती है लेकिन जो विश्वास केएस ग्रुप आफ कंपनीज ने देश के कृषकों के दिलोंजिगर में बनाया है वह बात अन्य किसी औद्योगिकी में देखने को नहीं मिलती। यही कारण है की ढाबा अंजोरा के कृषक रूपेश देशलहरे ने एक वर्ष के भीतर ही दूसरी कंबाइन मशीन केएस एग्रीकल्चर की लेने के लिए पुनः कतारबद्ध खड़े रहे। आज अपने सपनों को साकार होते देखा आंखों में खुशी के आंसू रोक नहीं पाए केएस एग्रीकल्चर की कंबाइन मशीन जब कमला मोटर्स डीलरशिप से निकलकर गंतव्य की ओर जा रही थी तो जन मानस का ध्यान कुछ पल के लिए अपनी ओर आकर्षित करने में नहीं चूकती। यंत्र की चाबी प्रदान करते हुए समाज सेवी तेरापंथ धर्म संघ की धर्मनिष्ट श्राविका मंजू बरमेचा, जैन कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, आगंतुक शंखनादिनी नंदिता सामंत, बरमेचा एलीवेटर के निरीक्षक अजय चौधरी, पुजारी खेमचंद गुप्ता एवं केएस एग्रीकल्चर के राष्ट्र प्रमुख सुखदेव सिंह क्षेत्रीय फोरमैन दिलशाद खान सहायक फोरमैन सोहेल खान वहीं मशीन की चाबी ग्रहण करते हुए संतोष देशलहरे, देवनारायण देशलहरे, रूपेश कुमार देशलहरे, घासीराम देशमुख, हिमाचल देशलहरे, हरि जोशी, संयम देशलहरे एवं ढाबा अंजोरा के कृषक गण उपस्थित थे।

## हाइटेक में इलाज का खर्च कम करने महिला की हाइब्रिड सर्जरी



**भिलाई।** हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में इलाज का खर्च कम करने आर्थिक रूप से कमजोर एक महिला की आंतों की सर्जरी हाइब्रिड तकनीक से की गई। इससे एक तरफ जहां इलाज का खर्च 60 से 80 हजार रुपए तक कम हो गया वहीं बहुत छोटा चीरा लगाना पड़ा। चार दिन में महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हाइटेक के लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नवील कुमार शर्मा ने बताया कि मिनिमली इंवेसिव पद्धति का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें बहुत छोटा चीरा लगाया जाता है। संक्रमण की संभावना बहुत कम होती है और रक्तस्त्राव भी न के बराबर होता है। मरीज को 2-3 दिन में छुट्टी दे दी जाती है पर इसमें स्टेपलर का उपयोग किया जाता है जो काफी महंगा होता है। 42 वर्षीय इस महिला मरीज की आर्थिक स्थिति को देखते हुए हमने हाइब्रिड सर्जरी का फैसला किया। हमने इससे पहले भी पांच-छह सर्जरी इस तकनीक से की है। डॉ. शर्मा ने आगे बताया कि लगभग 10 साल पहले महिला को रेडिएशन थेरेपी दी गई थी। पिछले कुछ समय से उसे पेट की तकलीफ थी। पहले लैप्रोस्कोप से आंत के उस हिस्से का पता लगाया गया जहां स्ट्रिक्चर्स थे। इसके बाद मरीज के उदर में सिर्फ 2 सेमी का एक चीरा लगाया गया। आंत के रोगी हिस्से को यहां से बाहर लेकर सर्जरी की गई। फिर आंत को अंदर सरकाकर चीरे को बंद कर दिया गया। चार दिन में मरीज की छुट्टी कर दी गई। हाइब्रिड तकनीक के उपयोग से मरीज को मिनिमली इंवेसिव तकनीक का पूरा फायदा मिल गया और इलाज का खर्च भी काफी कम हो गया।

### जय सतनाम युवा मंच रिसाली में हुआ आमसभा

**उतई।** जय सतनाम युवा मंच रिसाली का आमसभा समाज के प्रबुद्धजन एवं संत समाज के उपस्थिति में वर्तमान कार्यरत अध्यक्ष दुज राम गुलशन के द्वारा अभिवादन व अपने कार्यकाल के उपलब्धि के साथ आय व्यय को समाज के समक्ष रेखांकित करते हुए प्रारंभ हुआ। आमसभा में वर्तमान समिति का कार्यकाल को पूर्ण होने पर नये कार्यकारिणी का गठन का प्रस्ताव समाज के बीच लाया गया। समिति के गठन के इस प्रक्रिया को सम्पन्न कराने समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के रूप में टीआर कोसरिया, रामलाल चतुर्वेदानी, एसएल मिर्चे, आरसी देशलहरा एवं सुशील कुमार सूर्यवंशी को जिम्मेदारी दिया गया। मनोनयन समिति द्वारा आमसभा में उपस्थित सभी सदस्यों का मनोनयन हेतु आम सहमति लिया गया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा वर्तमान में कार्यरत समिति को अगले कार्यकाल चलाने के लिए आम सहमति दिया गया। आम सहमति के साथ मनोनयन समिति द्वारा वर्तमान कार्यरत समिति के निम्नांकित पदाधिकारी दुज राम गुलशन अध्यक्ष, राजकुमार चतुर्वेदी उपाध्यक्ष, गंगा प्रसाद राय महासचिव, किशन टंडन कोषाध्यक्ष एवं नेतराम बारले संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया एवं अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारियों का मनोनयन के लिए अध्यक्ष एवं उनके समिति को विकल्प दिया गया। आम सभा में पोषण लाल चतुर्वेदी, मनोहर मार्कंडेय, भजन दास बंधे, मोतीलाल बंजारे, मोतीलाल मार्कंडेय, हिमाचल बंजारे, मुंगेश कुरे, कृष्ण बंजारे, प्रीतलाल देशलहरा, रमेश नारंग, सुरेश जोशी के साथ संत समाज उपस्थिति थे।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### सुरक्षा गार्ड का बेटा बना सब इंस्पेक्टर

**भिलाई।** दुर्ग जिले के ग्राम चंदखुरी निवासी 29 वर्षीय अमित कुमार साहू ने हकीकत में बदलकर दिखाया है। एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे अमित कुमार साहू के पिता प्राइवेट सेक्टर में सुरक्षा गार्ड का काम करते थे। साथ में मजदूरी भी किया करते थे। आज उनका बेटा अमित पुलिस विभाग ने अफसर बन गया है। सब इंस्पेक्टर के पद पर उसकी पदस्थापना हुई है। अमित के पिता द्वारिका प्रसाद साहू बताते हैं कि अमित जब छोटा था तो वे सेक्टर 9 हॉस्पिटल में सिक्योरिटी गार्ड का काम कर चुके हैं। अमित 18 वर्ष की उम्र में तार मिस्त्री का प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुका था। हाउस वायरिंग का काम सीख रहा था। 10वीं की पढ़ाई के बाद अमित को घर और खेत का काम करते हुए पढ़ाई हो सके ऐसा विषय चयन करना था, लेकिन खुद के मन में उपज रही आत्मविश्वास ने उसे 11 वीं में गणित विषय लेने विवश किया। कॉलेज पहुंचने पर चुनौतियां सामने आई, लेकिन वह डटा रहा। आज वह सब इंस्पेक्टर है।



### दिवाली मिलन समारोह और कवि सम्मेलन आज

**भिलाई।** छन्द के छ का दिवाली मिलन समारोह और कवि सम्मेलन 16 नवंबर को आयोजित है। इस अवसर पर पुस्तक का भी विमोचन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों के साहित्यकार अपनी उपस्थिति देंगे। कार्यक्रम कूर्मि भवन सेक्टर 7 में आयोजित है। आयोजन में मुख्य अतिथि संतोष झांझी वरिष्ठ साहित्यकार होंगे। विशेष रूप से साहित्यकार विजय वर्तमान, समाजसेवी ईश्वरी वर्मा, छन्द के छ के संस्थापक अरुण कुमार निगम मौजूद रहेंगे। एकदिवसीय इस आयोजन में अंचल के लगभग 100 साहित्यकार, छंदकार भाग लेकर अपनी रचनाओं का छंदमय कविता पाठ करेंगे। इस आयोजन में चार साहित्यकार चोवाराम बादल, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर, इंजीनियर गजानंद पात्रे, कमलेश शर्मा बाबू की पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक विजेन्द्र कुमार वर्मा ने दी।

# बीएसपी के 4 व सेल में 21 मुख्य महाप्रबंधक कार्यपालक निदेशक बने

## डॉ. एम रवींद्रनाथ, अनीश, पीके सरकार और एसके गजभिये बने ईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की विभिन्न इकाइयों में कार्यरत 21 मुख्य महाप्रबंधकों और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारियों को कार्यपालक निदेशक पदोन्नत किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के चार मुख्य महाप्रबंधक भी कार्यपालक निदेशक बनाये गए हैं।

बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डां. एके पंडा और कार्यपालक निदेशक बीके गिरी, सेफी के चेयरमेन व ओए अध्यक्ष एनके बंछोर, महाप्रबंधक श्रीकांत रामाराजू, महासचिव परविंदर सिंह की उपस्थिति में में डॉ. एम रवींद्रनाथ, अनीश सेनगुप्ता, पीके सरकार और श्री एस के गजभिये को इस्पात भवन के प्रभारी निदेशक के सभागार में आयोजित समारोह में पदोन्नति आदेश प्रदान किया गया। सभी पदोन्नत कार्यपालक निदेशक पत्नियों के साथ उपस्थित थे।

सेल द्वारा जारी 21 पदोन्नत कार्यपालक निदेशकों की सूची के अनुसार, बीएसपी मे सीजीएम अनीश सेनगुप्ता को बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यपालक निदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम रवींद्रनाथ जो मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को बीएसपी में कार्यपालक निदेशक पदोन्नत हुए हैं। सीजीएम एसके गजभिये को सेल में कार्यपालक निदेशक (सीएफपी, चंद्रपुर) के पद पर पदोन्नत किया गया है। सीजीएम प्रभारी पीके सरकार कार्यपालक निदेशक (एसएसपी) सेलम का कार्यभार संभालेंगे।



### डीआईसी ने की स्मार्ट वर्किंग व ईमानदारी की आशा

अनिर्बान दासगुप्ता ने पदोन्नत कार्यपालक निदेशकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हमारे पास सही काम के लिए सही व्यक्ति है। मैं आपसे स्मार्ट वर्किंग, ईमानदारी, नेतृत्व और अलग तरह से सोचने पर ध्यान देने का आग्रह करता हूं। सेल स्तर पर 11 उच्चाधिकारियों के स्थानांतरण और नवीन पद-स्थापना के आदेश भी जारी किये गये है।

## अधिकांश ठेका कंपनियां 37 सौ रुपए एडब्ल्यूए राशि नहीं दे रहीं

# भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों ठेका मजदूर वेतन वृद्धि से वंचित

## स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों ठेका मजदूरों को सेल द्वारा बढ़ाई गई एडब्ल्यूए राशि नहीं दी जा रही है। अधिकांश ठेका कंपनियां इस राशि का भुगतान नहीं कर रही हैं। इससे मजदूरों में असंतोष बढ रहा है। इसे लेकर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है।

■ पूर्ण एडब्ल्यूए सहित लीव कार्ड की मांग

यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन से वेतन बढ़ोत्तरी के साथ अन्य लंबित मांगों के जल्द निदान की मांग की है।

कार्यकारिणी की यूनियन ऑफिस सेक्टर 4 में हुई बैठक में बीएसपी के उत्पादन में 70 प्रतिशत की भागीदारी के रुप में काम करने वाले और लगातार लाभाज4न में योगदान देने वाले ठेका श्रमिकों की समस्याओ पर चर्चा हुई। अध्यक्षता संजय साहू ने किया विभिन्न विभागों के ठेका श्रमिकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उपाध्यक्ष मनोहर लाल ने बताया कि सेल द्वारा बीएसपी के ठेका श्रमिकों को एडब्ल्यूए के रूप में 3700 प्रतिमाह दिया जा रहा है लेकिन अधिकांश ठेका कंपनियां अभी भी 3700 रुपए वास्तविक रूप से ठेका श्रमिकों को वेतन में नहीं दे रहे हैं। यूनियन की मांग पर प्रबंधन द्वारा इंजीनियरिंग एस्टीमेट में ठेका पद्धति सुधार कर ठेका दिया जा रहा है वहां पर बीएसपी प्रबंधन द्वारा ऑपरेटिंग अथॉरिटी द्वारा यह सुनिश्चित करे कि पूर्ण रूप से 3700 एडब्ल्यूए की राशि दिया जाए।




### गेट पास बनने के 30 दिन पहले हो मेडिकल

ठेका श्रमिकों को मेडिकल फिटनेस होने के बाद गेट पास बनाई जाती है एवं अनफिट होने से उन्हें इलाज करा कर फिट करवाने में 15 दिन का समय लगता है लेकिन वर्तमान में उनका मेडिकल गेट पास बनने के एक-दो दिन पहले ही होता है जिसके कारण उन्हें फिट होकर गेट पास बनवाने में 15 दिन से अधिक समय लग जाता है इसलिए बोकारो स्टील प्लांट की तरह भिलाई में भी गेट पास बनने के 30 दिन पहले मेडिकल फिटनेस किया जाए। इंटक अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि ठेका श्रमिकों की समस्या एवं ठेका पद्धति में सुधार को लेकर लगातार उच्च प्रबंधन से चर्चा किया जा रहा है जिसका परिणाम है कि ठेका श्रमिकों की समस्या में सुधार एवं ठेका पद्धति में भी सुधार किया जा रहा है एवं अन्य समस्याओं पर जल्द ही उच्च प्रबंधन से चर्चा कर उसका समाधान किया जाएगा। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, मनोहर लाल, आर दिनेश, गुरुदेव साहू ,जसबीर सिंह, रिखी राम साहू, सुरेश दास टंडन, कान्हा, देवेंद्र कुमार, दाऊलाल, डामन लाल रामू ,नारायण, योगेश साहू, बलराम वर्मा, कामता प्रसाद और कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

### ठेका श्रमिकों को मिले लीव कार्ड एवं वेतन पर्ची

बीएसपी के ठेका श्रमिकों को नियमतः 20 दिन में एक ई एल दिया जाता है एवं चार राष्ट्रीय अवकाश पर कार्य करने पर अतिरिक्त वेतन दिया जाता है लेकिन अधिकांश ठेका कंपनी ठेका श्रमिकों द्वारा छुट्टी लेने पर उनको अनुपस्थित कर वेतन काट दिया जाता है एवं राष्ट्रीय अवकाश के दिन कार्य करने पर अतिरिक्त वेतन नहीं दिया जाता। श्रमिकों को वेतन पर्ची नहीं मिलने से उनको मिलने वाली वेतन की पूर्ण जानकारी नहीं हो पाती एवं कितना पीपीएफ एवं ईएसआईसी काटा है, उसकी भी जानकारी नहीं होती। प्रबंधन लीव कार्ड एवं वेतन पर्ची उपलब्ध करवाए। इंटक ने ठेका श्रमिकों को दस लाख के दुर्घटना बीमा एवं ईएसआईसी की कॉपी उपलब्ध कराए। ईएसआईसी मे परिवार का पंजीयन की जानकारी नहीं होने के कारण ईएसआईसी हॉस्पिटल में इलाज नहीं करवा पाते।

## बर्नपुर के कर्मचारियों का सस्पेंशन और ट्रांसफर वापस लें: सीएलसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मुख्य श्रम आयुक्त भारत सरकार ने सेल चेयरमैन को पत्र लिखकर 28 अक्टूबर की सेलव्यापी हड़ताल के आहावन पर हड़ताल में शामिल होने वाले बर्नपुर के कर्मचारियों पर लिए गए एक्शन को अवैधानिक एवं प्रतिशोधात्मक कार्रवाई बताते हुए इसे वापस लेने को कहा है। संयुक्त यूनियन ने कहा है कि प्रबंधन एक्ट की गलत व्याख्या कर कर्मचारियों और जिला प्रशासन को गुमराह कर रहा था।

■ हडताल को लेकर सेल चेयरमैन को लिखे पत्र से यूनियनों को मिली एक बड़ी ताकत: संयुक्त

इंटक भिलाई के महासचिव और संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर सिंह ने कहा कि 28 अक्टूबर को सेल में हुए हड़ताल में बर्नपुर एवं भिलाई में हड़ताल सफल रही। बर्नपुर के 90% कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया था। इससे तिलमिलाये प्रबंधन ने वहां के 26 कर्मचारियों को शोकाज नोटिस दिया, चार कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया। दो कर्मचारियों को सेलम स्टील प्लांट ट्रांसफर कर दिया। इससे नाराज होकर पांचों एनजेसीएस यूनियनों ने संयुक्त रूप से और अलग-अलग मुख्य श्रम आयुक्त नई दिल्ली को पत्र लिखकर इसे सेल प्रबंधन की मनमानी एवं गैर कानूनी कार्रवाई बताते हुए करवाई वापस लेने की मांग की थी। यूनियनों के पत्र को गंभीरता से लेते हुए मुख्य श्रम आयुक्त ने 14 नवंबर को सेल अध्यक्ष को पत्र लिखकर कर्मचारियों पर की गई निलंबन ट्रांसफर और शोकास नोटिस को आईडी एक्ट की धारा 33 (1)(a) का उल्लंघन बताते हुए किसी भी तरह के कानूनी अड़चन से बचने के लिए कर्मचारियों पर की गई कार्रवाई को वापस लेने को कहा है l मुख्य श्रम आयुक्त ने अपने पत्र में लिखा है कि क्योंकि इस मामले पर मुख्य श्रम आयुक्त के कार्यालय में कॉन्सिलिएशन चल रही है इसलिए इस पर किसी भी तरह की कार्रवाई करना उचित नहीं है।

श्री सिंह ने कहा है कि प्रबंधन एक्ट की गलत व्याख्या कर कर्मचारियों को और जिला प्रशासन को गुमराह कर रहा था। मुख्य श्रम आयुक्त के पत्र ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हड़ताल पूरी तरह से वैधानिक है। कॉन्सिलिएशन बैठक के बीच में हड़ताल गैरकानूनी नहीं होता। मुख्य श्रम आयुक्त के इस पत्र से स्पष्ट हो गया है कि प्रबंधन मनमानी करवाई कर रहा था। इस पत्र ने कर्मचारी और यूनियन नेताओं को एक बड़ी ताकत दी।

## स्कूल बंदी के सवाल पर भूपेश क्यों हो गए मौन: रिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश में स्कूल बंद झूठा का दुष्प्रचार कर सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की जनता को गुमराह और भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। जिसके खिलाफ वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सुपेला थाना में प्रकरण की जांच कर भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का एसपी को पत्र लिखा है। श्री सेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने एक्स हैंडल पर छत्तीसगढ़ में स्कूल बंद करने का झूठा प्रचार कर जनता में भ्रम और गलत जानकारी लगातार परोस रहे हैं। जबकि पिछले 11 माह से छत्तीसगढ़ में वष्णुदेवजी की सरकार लगातार शिक्षा को और भी उन्नत बनाने स्कूलों को सुदृढ़ और शिक्षाकीय प्रणाली को मजबूत करने का काम कर रही है। श्री बघेल को बताना चाहिए कि राज्य सरकार ने कौन से स्कूल बंद किए हैं? इस सवाल पर मौन साधे भूपेश बघेल कल यह बहाना भी बना सकते हैं कि उनके किराये पर संचालित एक्स हैंडल पर किसी अन्य ने यह पोस्ट किया है। पुलिसिया कार्रवाई तो भूपेश बघेल को कभी दिखाई ही नहीं देती, दुर्ग एसपी को गुंडा कहने वाले भूपेश बघेल के पास इतना भी समय नहीं है कि उसी दुर्ग पुलिस ने जब भिलाई के अपराधी अमित जोश को मुठभेड़ में ढेर किया तो उन पुलिस जवानों की हौसला अफजाई में चंद शाबाशी भरे शब्द ही लिख सकें।



■ भूपेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने एसपी को पत्र लिखा

### एक्स हैंडल से झूठ परोसते हैं

विधायक ने कहा कि जो सच है उस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुप्पी साध लेते हैं। मगर भ्रामक और झूठी जानकारियां लगातार अपने एक्स हैंडल से परोस कर छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता को गुमराह करने का प्रयास सिर्फ और सिर्फ छत्तीसगढ़ कांग्रेस की गुटबाजी में खुद को साधने के लिए लगातार करते रहे हैं। इसलिए दुर्ग एसपी को पत्र देकर विधायक ने प्रकरण की जांच कर एफआईआर दर्ज करने को कहा है।

## कटर से हमला करने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने क्राइम सीन रीक्रिएशन कराया



**भिलाई।** युवक पर कटर चलाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे क्राइम सीन रीक्रिएशन कराया है। घटनास्थल से पुलिस ने कटर भी जब्त कर लिया है। दोनों आरोपी युवक को पुलिस ने घूमाया भी है। छावनी पुलिस ने बताया कि गुरुवार को आरोपी रवि ने अपने दोस्त अनिकेत चौधरी के पीठ पर कटर से जोरदार वार कर दिया था। सूचना मिलते ही परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित अनिकेत चौधरी कैंप दो शीतला मंदिर के पास रहता है। हथखोज के प्राइवेट कंपनी में काम करता है। घर के पास पीड़ित मोबाइल में गेम खेल रहा था। तभी रवि प्रजापति वहां पहुंच गया। दोनों में अचानक किसी बात को लेकर विवाद हो गया। अनिकेत ने रवि को दो थप्पड़ जड़ दिया। रवि मौके से निकल गया कुछ देर बाद दोपहर में दोस्त शिवम के यहां पहुंचा। आने के बाद फिर वो अनिकेत के बगल से बैठ गया और कटर निकालकर उसकी पूरी पीठ को फाड़ दिया। कटर इतना तेज था कि अनिकेत को पता भी नहीं चला। वहीं से गुजर रहे एक युवक ने बताया कि उसकी पीठ से काफी खून निकल रहा है। इसके बाद उसे पता चला कि उसकी पीठ में कटर चला है। खबर लगते ही परिजनों मौके पर पहुचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। शिकायत के बाद छावनी पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए पहुंची।

## ठंडी में लोग कहां करें वाकिंग, दो साल से अधूरा है सेक्टर 7 उद्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के अधिकतर सेक्टरों में बीएसपी के उद्यानों के अलावा नगर निगम भिलाई द्वारा भी छोटे छोटे उद्यानों का निर्माण किया गया है। लेकिन कुछ उद्यान पिछले दो से पांच से से अधूरे पड़े हैं। सेक्टर सात सड़क 14 में निगम द्वारा बनाए जा रहे उद्यान का निर्माण दो साल बाद भी पूर्ण नहीं हो सका है। इससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर निगम भिलाई द्वारा क्षेत्रवासियों की मांग पर सेक्टर 7 के सड़क 14 में दो साल पूर्व उद्यान का निर्माण शुरु किया गया था। लेकिन यह अब तक अधूरा है। इससे ठंडी के मौसम में लोग उद्यान का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि उद्यान में फेंसिग और गेट लगाकर छोड़ दिया गया है। इसके अंदर उद्यान परिसर में पाथवे निर्माण के साथ लाइटिंग और फूलों आदि के पौधे अब तक नहीं लगाए गए हैं। बिजली के खंभे तो लगे हैं लेकिन उद्यान का निर्माण पूर्ण नहीं होने से बिजली कनेक्शन नहीं है। इससे यहां अंधेरा रहता है। गेट भी खुला होने से आवारा मवेशियों विचरते रहते हैं। उद्यान के अंदर झाड़ियां आदि बरसाती खरपतावार फैला हुआ है।



■ नगर निगम निर्माण शुरु कर भूला

### बच्चों व महिलाओं को परेशानी

सेक्टर 7 उद्यान के अधूरे होने से लोगों को परेशानी हो रही है। खासकर बच्चे, महिलाएं और रिटायर संयंत्रकर्मियों को असुविधा हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ठंडी का मौसम शुरु होने के बाद बड़ों को क्रास स्ट्रीट में ही वाकिंग करना पड़ रहा है। वहीं बच्चे भी अन्य उद्यानों में खेलने जाते हैं। नगर निगम को सेक्टर 7 के अधूरे उद्यान का निर्माण जल्द करना चाहिए। इससे लोग ठंडी में परिवार के साथ यहां शाम बिताने के साथ वाकिंग भी कर सकेंगे।

## ननि के नए आयुक्त पांडेय ने संपत्तिकर वसूली पर दिया जोर

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के नवनियुक्त आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शुक्रवार नगर निगम भिलाई के सभागार में अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमें नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शान द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का समीक्षा किया गया। उन्होंने बताया कि सफाई, पानी, बिजली, प्रधानमंत्री आवास योजना, निर्माण के कार्य, सभी कार्यों में कसावट के साथ राजस्व वसूली हमारी पहली प्राथमिकता होगी। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी कार्यों को समय अवधि में पूरा करें। किसी प्रकार का समस्या आने पर हमसे तुरंत संपर्क करें। इसके साथ ही उनके द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि संपत्ति कर जमा करने का 15 दिन छूट अवधि बचा है। संपत्ति कर जमा करके लाभ उठाएं। 31 मार्च 2024 के बाद जमा करने पर 18 प्रतिशत अतिरिक्त अधिभार देना पड़ेगा। इससे अच्छा है समय अवधि में जमा करके दो प्रतिशत छूट का लाभ उठावे। संपत्ति कर से प्राप्त राशि से निगम भिलाई द्वारा जनकल्याणकारी कार्य किए जाते हैं। बैठक के दौरान निगम भिलाई के जोन आयुक्त अभियंतागण, स्वास्थ्य अधिकारी, विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



■ अधिकारियों की बैठक लेकर कामकाज की समीक्षा की

## कार्तिक पूर्णिमा पर 5001 दिए जले

**भिलाई।** भारतीय जनता युवां मोर्चा के बैनर तले कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर वार्ड 60 शीतला मंदिर कातुल बोर्ड में 5001 दिया जलाया गया। भाजयुमो नेता सुमीत सिंह ने बताया कि सनातन धर्म को जागरुक करने और लोगों में धार्मिकता लाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस तरह लोगों को सनातन के प्रति जागरुक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजन किए जाते रहेगें। इस दौरान अलका बाघमारे, पार्षद अरुण सिंह, जय श्री जोशी, सुनील अग्रवाल, सेवा निवृत्त डीएसपी एसएन वैद्य समेत भाजयुमो के कार्यकर्ता मौजूद थे।



## कृष्णा बने मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय सदस्य

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप के द्वारा दुर्ग राज राजप्रधान ईश्वरी वर्मा के अनुशंसा पर मोरिद भिलाई तीन निवासी कृष्ण कुमार वर्मा और डॉक्टर राधेश्याम वर्मा को केंद्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया है। कृष्णा वर्मा भिलाई-चरोदा निगम में एल्डरमेन भी रह चुके है। कुर्मी क्षत्रिय समाज में इनकी खासी पकड़ है।











02



जगन्नाथ मंदिर में 12 घंटे का महायज्ञ, ग्रहण किया प्रसाद


लाइव इवेंट

## साध्वी मंडल के चातुर्मास का अंतिम प्रवचन आज



**दुर्ग।** शहर में प्रथम चतुर मासिक विहार 16 नवंबर को सुबह 8 बजे जय आनंद मधुकर रतन भवन से महावीर कॉलोनी होगा। इधर शुक्रवार को रतन भवन में आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का क्रम जारी रहा। साध्वी डॉ. सुमंगल प्रभा ने कहा कि यह संसार एक मुसाफिर खाना है। संतों का जीवन एक मुसाफिर की भांति होता है। उन्होंने कहा कि यह आध्यात्मिक चातुर्मास ज्ञान, ध्यान, तप, त्याग, धार्मिक जप, अनुष्ठान की आराधना के साथ संपन्नता की ओर अग्रसर है। प्रभु महावीर की वाणी उतरा अध्यन सूत्र, सुख विपाक सूत्र का वचन पूरे 4 माह साध्वी किया गया। साध्वी डॉ. सुवृद्धि श्री, रजत प्रभा के मुखारविंद से श्रवण करने का अवसर प्राप्त हुआ। सिद्धि तपकी आराधना मास खमण वंदना, 68 दिवसीय नवकार महामंत्र अनुष्ठान, आयम्बिल ओली, पेसठिया छंद अनुष्ठान, आचार्य सम्राट जयमल का चमत्कारिक जाप, बड़ी साधु वंदना का आयोजन इस आध्यात्मिक चातुर्मास में किया गया। डॉ. सुमंगल प्रभा ने कहा कि जैसे पकी हुई फसल चार माह में हुई वर्षा की स्मृति दिलाती है, वैसे ही आपको अवलोकन करना होगा कि हमने हमारे जीवन रुपी खेत में प्रवचन की वर्षा से फसल उगाई की नहीं। हमारा जीवन धर्म से अंकुरित, पल्लवित, पुष्पित एवं फलित इनमें से किस स्तर पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह संसार एक मुसाफिरखाना है। संतों का जीवन एक मुसाफिर की भांति होता है, जो चार माह एक स्थान पर चातुर्मास करते हैं, फिर प्रस्थान कर लेते हैं। इस अवसर पर विदाई सभा का भी आयोजन किया गया। इसमें जसराज पारख, धर्मचंद लोढ़ा, प्रवीण श्रीश्रीमाल, राकेश संचेती, नीलम बाफना सहित अन्य ने अपन विचार रखे।

सिटी इवेंट

## राही की बरसी पर मुशायरा व काव्य गोष्ठी, चला शेर ओ शायरी का दौर



**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति के पूर्व संरक्षक जनाब शेख निजाम राही की तीसरी बरसी पर मुशायरा और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। सेक्टर-6 स्थित रामबरन कोरी के निवास पर यह कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रधान संरक्षक कैलाश चंद्र बरमेचा, मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल, हिंदी और उर्दू के शायर डॉ. रौनक जमाल, महासचिव नरेंद्र सिक्केवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे। संचालन डॉ. नौशाद सिद्दीकी और रामबरन कोरी ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से निजाम राही के सुपुत्र भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ. बीना सिंग रागी, नावेद रज़ा दुर्गवी, शुचि भावी, चंद्र वर्मन,नरेंद्र देवांगन, इस्माइल आजाद, ओमवीर करण, आलोक कुमार चंदा, वासुदेव भट्टाचार्य, प्रकाश चंद्र मंडल, भारती कौर, दीपमाला सिन्हा, नुरुसब्बा खान सबा, सोनिया सोनी, गौहर खान आदि ने काव्य पाठ किया। बरमेचा ने ओमवीर करण को उनकी कविता से प्रभावित होकर चांदी का सिक्का पुरस्कार स्वरूप दिया। इस अवसर पर समसामयिक रचनाएं भी प्रस्तुत की गईं।

सिटी इवेंट

## जम्मू-कश्मीर में होने वाली टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा के लिए टीम घोषित



**भिलाई।** भारतीय टेनिस बाल किकेट संघ के तत्वावधान में जम्मू एवं कश्मीर टेनिस बाल क्रिकेट संघ द्वारा 35 वीं सीनियर नेशनल टेनिस बाल क्रिकेट चैम्पियनशीप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता 18 से 21 नवम्बर तक जम्मू में आयोजित होगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बाल क्रिकेट संघ पुरूष एवं महिला टीम प्रतिनिधित्व करेगी। पुरुष टीम में संदीप कुमार वर्मा (कप्तान) रोशनलाल यादव, अनिकेत सोनकर, अमित हरपाल, आमिर हुसैन, निलेश बेक, भीष्म धुर्वे, परितेष राव, संतोष चौहान, प्रभात निगम, यशस्वी सिन्हा, आदर्श सोनकर, मो सिराजी, राजेश, प्रशिक्षक राधेश्याम, प्रबंधक मो. शकील अहमद शामिल हैं। महिला टीम में सुधा (कप्तान), सोनम निर्मलकर, महम आरा, भुमिता साहू, पुनम, गायत्री साहू, मोनिका ढीमर, गीतांजलि, लिसा झटाले, माहेश्वरी, जागृति गुप्ता, हेमा, संजीता पटेल, प्रशिक्षक संतोष प्रसाद, प्रबंधक गीता वैष्णव शामिल हैं। छत्तीसगढ़ फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव बशीर अहमद खान, छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष प्रिन्स भाटिया, आरके श्रीवास्तव, वंश बहादुर सिंह, आजाद अहमद खान ने बधाई दी।

गुरुनानक जयंती समारोह : दुर्ग-भिलाई के सभी प्रमुख गुरुद्वारों में पूरे दिन अलग-अलग आयोजन

# अखंड पाठ, शबद कीर्तन के साथ अरदास, जगह-जगह लंगर, गुरुवाणी के उपदेशों को आत्मसात करने संकल्प

सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक का प्रकाश पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही प्रमुख गुरुद्वारों में कीर्तन हुआ।इसमें स्टेशन रोड दुर्ग, शिवनाथ नदी तट पुलगांव, सेक्टर-6 भिलाई, नेहरूनगर, हाउसिंग बोर्ड भिलाई, वैशालीनगर, छावनी में प्रमुख आयोजन हुए, जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज और अन्य समाज के लोगों ने गुरुद्वारे में पहुंचकर मत्था टेका। आयोजन में प्रमुख रूप से सांसद विजय बघेल, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधायक अरुण वोरा आयोजनों में शामिल हुए।

**भिलाई।** प्रकाश पर्व के अवसर पर स्टेशन रोड दुर्ग में गुरू वाणी, शबद कीर्तन गायन किया गया। इसके बाद लंगर शुरू हुआ, हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। रात्रि दीवान में भी गुरूवाणी, शबद कीर्तन किया गया। आयोजन के दौरान सिंधी समाज के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर सिख समाज द्वारा सामाजिक कार्य किए गए। जगह-जगह लंगर लगाए गए, शर्बत का वितरण किया गया। गुरुद्वारों में सिखों ने सेवाकार्य भी किए। इसमें सफाई से लेकर आने वाले भक्तों की सेवा प्रमुख रही। नेहरूनगर गुरुद्वारे में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

इस अवसर गुरु नानन के दिए गए उपदेशों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प दोहराया गया। समाज के प्रमुख लोगों ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि गुरु नानक ने तीन बड़ी शिक्षा खुशहाली से जीने के लिए दी। उनके मंत्र थे कि नाम जपो, किरत करो और वंड छको। यह सीखें कर्म से जुड़ी हुई हैं। कर्म में श्रेष्ठता लाने की ओर ले जाती हैं। संपूर्ण सिख समाज इन सीखों का अनुसरण करता है, इन्हें अपने जीवन में उतारने का प्रयास करता है। इसके हिसाब से ही अपनी जीवन शैली को आगे बढ़ाता है। गुरु नानक ने कहा है कि हर व्यक्ति को हमेशा अच्छे और विनम्र सेवाभाव से अपना जीवन गुजारना चाहिए। अहंकार से बचना चाहिए। क्योंकि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। गुरु नानक सभी को एक समान समझते थे। उनकी की गई बातें और दिए गए उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने ध्यान, त्याग और आध्यात्म पर भी बेबाकी से अपनी बातें रखीं। शुक्रवार को सभी गुरुद्वारा में देर रात तक अखंड पाठ और गुरुवाणी कीर्तन हुआ।



### 10 हजार से ज्यादा लोग गुरु साहिब के दर्शन को पहुंचे

दुर्ग स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारे में गुरुसिंह सभा द्वारा गुरु नानक की जयंती धूमधाम से मनाई। शुक्रवार को 10 हजार से ज्यादा लोग गुरुद्वारा साहिब में दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह 8 बजे अखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई। इसके बाद हजूरी रागी, प्रताप सिंह का जत्था कीर्तन कर संगत को निहाल किया गया। इसके बाद स्त्री सत्संग की बिबिया कीर्तन हुई। फिर चाकर गोबिंद के बच्चे कीर्तन करते नजर आए। ज्ञानी ओमवीर सिंह ने कहा कि दिन भर गुरु घर में संगत आती है, दर्शन करती है और गुरुजी का लंगर करती है, आशीर्वाद प्राप्त करती है। दिनभर बीबियों ने संगत के लिए प्रसाद तैयार किए। आयोजन में सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, आईजी राम गोपाल गर्ग, अरविंदर खुराना सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### नेहरू नगर गुरुद्वारे में मेगा रक्तदान शिविर



एचडीएफसी बैंक के सहयोग से नेहरूनगर गुरुद्वारे में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। गुरुनानक चैरिटेबल पॉलीक्लिनिक नेहरू नगर में शिविर लगाया गया। यह विशाल रक्तदान शिविर गुरुनानक देव के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। गुरुद्वारा नानकसर में गुरुपर्व पूरे जोश के साथ मनाया गया। लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। बालाजी ब्लड सेंटर ने रक्त लेने में मदद की। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक की ओर से शाखा संचालन प्रबंधक श्वेता चिचोलिकर, महेंद्र ठाकरे, दीपक कुमार और पूजा बाजपेयी तथा बालाजी ब्लड सेंटर के नारायण गुलाने उपस्थित थे। इस अवसर पर गुरुद्वारा नानकसर के प्रबंधन मनमोहन सिंह, सुखवंत सिंह और अमरीक सिंह दोसांझ भी उपस्थित थे।





### सांसद विजय बघेल पहुंचे गुरुद्वारे, लिया आशीर्वाद

गुरु नानक देव की जयंती पर सांसद विजय बघेल बारी-बारी से शहर के विभिन्न गुरुद्वारे पहुंचे। गुरुद्वारों में पहुंचकर मत्था टेका और दुर्ग सहित प्रदेशवासियों की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गुरु नानक देव को प्रमाण करके आशीर्वाद लिया। गुरुवाणी सुनी और लंगर में सेवादारों के साथ सेवा का सौभाग्य भी प्राप्त किया। सांसद विजय बघेल जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 विशेष पूजा कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाएं हमें करुणा, दया और विनम्रता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं। यह हमें समाज सेवा करने और अपनी धरती को और उत्कृष्ट बनाने के लिए भी प्रेरित करें। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में श्रद्धालुओं के साथ भगवान जगन्नाथ की परिक्रमा कर आशीर्वाद लिया।





वैशाली नगर गुरुद्वारा में पहुंचकर विधायक रिकेश सेन ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

## खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर नाम रोशन किया, खेलों का अपना महत्वः रश्मि सिंह



**भिलाई।** जीवन में खेलों का बड़ा महत्व होता है। इससे हमारा शरीर पूरी तरह से फीट रहता है। खुर्सीपार के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उक्ताशय की बातें पूर्व पार्षद रश्मि सिंह ने खिलाड़ियों को बालीवाल व नेट वितरण करते समय कहा है। श्रीमति सिंह ने बताया कि इन खिलाड़ियों के पास सुविधा का अभाव होने के बाद भी बेहतर प्रदर्शन कर रहें है। इसके अलावा प्रवीण सिंह बुच्ची खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए हर साल 12 बॉलीवाल देने की भी घोषणा किया है। कार्यक्रम में पहुंची पूर्व पार्षद रश्मि सिंह, नेशनल ह्यूमेन वेलफेयर कॉउसिंल चेयरमेन तरुण निहाल, प्रचार्य ड़ॉ सीपी प्रमोद, और प्रवीण सिंह बुच्ची का पुष्प गुच्छ से खिलाड़ियों ने स्वागत किया। बालीवाल में 2 नेशनल और 7 स्टेट के लिए खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस दौरान खिलाड़ियों के कोच व शिक्षाविद राजेन्द्र नाग, संतोष अग्रवाल, व्ही प्रतीक, मुरली बल्लू समेत खिलाडी मौजूद थे।

## बीपीटीः स्ट्रे राउंड में 22 सीटों के लिए मेरिट लिस्ट आज

**भिलाई।** बीपीटी में प्रवेश के लिए स्ट्रे राउंड शुरू है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की ओर से पिछले दिनों प्रावीण्य सूची जारी की गई थी। इसके अनुसार प्रवेश के लिए छात्रों को संबंधित कॉलेजों में 16 नवंबर की शाम 4 बजे तक उपस्थिति देनी होगी। इसके अनुसार संबंधित संस्थान 16 नवंबर को ही शाम 4.30 बजे मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। इसके अनुसार 18 नवंबर से एडमिशन होंगे। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक मॉपअप राउंड के बची हुई 22 सीटों के लिए 169 छात्रों की प्रावीण्य सूची पिछले दिनों जारी की सूच गई थी। जो सीटें बची हैं, उनमें 9 रायपुर स्थित सरकारी फिजियोथेरेपी कॉलेज की है। जबकि 13 सीटें दुर्ग स्थित निजी कॉलेज की है। रायपुर के सरकारी फिजियोथेरेपी कॉलेज में प्रवेश के लिए 90 छात्रों ने आवेदन किया है। विस्तृत जानकारी चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की वेबसाइट पर जारी की गई है।

जैन कला केंद्र सेक्टर-6 में किया जा रहा आयोजन, 73 प्रतिभागी हो रहे शामिल

# नादोत्सव : कत्थक, सेमी क्लासिकल नृत्यों ने रमाया ढोलक, सारंगी और तबला ने थिरकने किया मजबूर

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** जैन मिलन द्वारा संचालित जैन कला केंद्र सेक्टर 6 के तत्वावधान में 17 नवंबर तक नादोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 50वें जयंती समारोह में आयोजित इस प्रतियोगिता में 73 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। शुक्रवार को प्रतिभागियों ने कत्थक, सेमी क्लासिक, गैर क्लासिक डांस की प्रस्तुति दी। इस दौरान ढोल, सारंगी, तबला जैसै वाद्य यंत्रों ने मंचस्थ प्रतिभागियों को नृत्य में जमकर थिरकने मजबूर किया। आयोजन में सांसद विजय बघेल प्रमुख रूप से शामिल हुए।



### पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह कल

समाज के प्रदीप बाकलीवाल, जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन, मंत्री संजय चतुर, भागचंद जैन, अनुपम जैन ने बताया कि जैन कला केंद्र अपना 50 वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस दौरान नादोत्सव-2024 एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन जैन भवन सेक्टर 6 किया गया है। 16 नवंबर की सुबह 9 बजे से भरतनाट्यम स्पर्धा का आयोजन होगा। 17 नवंबर को सुबह 10 बजे पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

### प्रदेशभर के प्रतिभागी आयोजित प्रतियोगिता में ले रहे भाग

बाकलीवाल ने बताया कि प्रदेश से आए 73 प्रतिभागी आयोजित प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। जैन कला केंद्र की प्राचार्या कीर्ति व्यास के साथ अन्य निर्णायक प्रतिभागियों के हुनर को परखने का काम कर रहे हैं। संगीत स्वरमाला में तबला. वादक ढोलक और वाद्य यंत्रों के साथ अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। आयोजन के दौरान सांसद विजय बघेल का सम्मान भी किया गया। बघेल ने भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म की बात कही। साथ ही जयकारा लगाया। संगीत कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभा भी देखी।

## सिटी इवेंट

# शनिदेव आज से चलेंगे सीधी चाल, मौसम में आएगा बदलाव

**भिलाई।** न्याय और कर्म के देवता शनिदेव की शुक्रवार से सीधी



चाल शुरू हो गई है। शनिदेव फिलहाल कुंभ राशि में हैं और यहीं मार्गी हो गया है। पंडितों की मानें तो शनिदेव का यह असर अगले 139 दिन तक देखने को मिलेगा। मौसम में इस बदलाव को देखा जा सकेगा। शनि वर्तमान में कुंभ राशि में वक्री हैं और इसी राशि में मार्गी हो गए हैं। शनि देव शुक्रवार की शाम 7.51 बजे स्व राशि कुंभ में मार्गी हो गया। वे गत 30 जून से इसी राशि में रहते हुए वक्री चल रहे थे, जो 139 दिन बाद अपनी चाल बदल रहे हैं। अब सीधी चाल चलेंगे। शनिदेव 29 मार्च, 2025 तक कुंभ राशि में ही रहेंगे। इसके बाद वे 23 फरवरी, 2028 तक मीन राशि में रहते हुए एक बार फिर वक्री व मार्गी होंगे। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि शनिदेव तुला राशि में उच्च के और मेष राशि में नीच के ग्रह माने जाते हैं। बुध और शुक्र ग्रह के साथ उनकी मित्रता है। जबकि सूर्य, चंद्रमा और मंगल ग्रह इनके शत्रु माने जाते हैं। शनिदेव पुष्य, अनुराधा और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र के स्वामी हैं। शनि एक राशि से दूसरी राशि में गोचर करने के लिए लगभग ढाई वर्षों का समय लगाते हैं। भवन निर्माण, कृषि कार्य, इंजीनियर, इलेक्ट्रॉनिक, क्रेशर, मार्बल, लकड़ी, ठेकेदारी, बिल्डिंग मटेरियल से जुड़े कर्म क्षेत्रों से जुड़े लोगों को शुभ लाभ होने वाला रहेगा। भूमि, भवन और प्रॉपर्टी का कारोबार गति पकड़ेगा।

## सिटी लाइव

# सब इंस्पेक्टर भर्ती के लिए 21 नवंबर तक जमा होंगे आवेदन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस में एसआई, प्लाटून कमांडर, सूबेदार समेत अन्य के 341 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन 21 नवंबर तक किए जा सकते हैं। पिछले महीने से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हुई है। यह पहली बार है, जब पीएससी के माध्यम यह भर्ती हो रही है। पिछली बार 2018 में एसआई की वैकेंसी निकली थी। तब पुलिस विभाग से आवेदन मंगाए गए थे। बाद में लिखित परीक्षा व्यापमं से आयोजित की गई थी। पुलिस भर्ती के कुल 341 में से 278 पद एसआई के हैं। भर्ती के लिए विभिन्न चरण हैं। पहले शारीरिक माप होगा। इसमें अभ्यर्थियों की ऊंचाई देखी जाएगी। मापदंड के अनुसार पुरुषों की हाईट 168 सेमी और महिला की 153 सेमी होनी चाहिए। सीना बिना फुलाए 81 सेमी और फुलाने पर 86 सेमी होनी चाहिए। इस बीच दस्तावेजों की जांच भी होगी। इसके बाद पीएससी से प्रारंभिक लिखित परीक्षा होगी। यह 300 नंबर की होगी। इसके नतीजे के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिए उम्मीदवारों का चयन होगा। मुख्य परीक्षा के बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। इसमें लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़ होगा। अंतिम में इंटरव्यू होगा। इस भर्ती को लेकर विस्तृत जानकारी पीएससी की अधिकृत वेबसाइट पर जारी की गई है।

## संस्था इवेंट

# बेघर रमा को सामाजिक संस्थाओं की पहल से मिल पाया नयाघर



**भिलाई।** प्रजा सेवा समिति एवं श्री सांई नाथ जनसेवा समिति ने अनोखी पहल की है। दोनों के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड 51 शहीद वीरनारायण नगर में निवासरत रमा बंजारे को आवास उपलब्ध कराया गया है। रमा झाड़ू-पोछा का काम करती है। दो माह पहले बारिश के कारण उनका घर ढह गया था। इसकी वजह से वह और उसके दो बच्चे बेघर हो गए थे। संस्था के सदस्य दीपक के माध्यम से उसने संपर्क किया। दोनों संस्थाओं ने संयुक्त बैठक में जनमुहिम चलाकर जनसहयोग से उनके घर का पुनर्निर्माण करने का निर्णय लिया। सोशल मीडिया में एक जन मुहिम चलाकर आम जनता से अपील की, जिसके बाद रमा बंजारे नया घर मिल सका। इस कार्य में समिति के एनएन राव, एमवी राव, के डिल्ली राव, डॉ. के चिरंजीवुलु, के मोहन राव, कृष्णमूर्ति, के. राजू, जी. राजू, डी. नागमणि, जी. माधव राव, डी. श्रीनिवास, जेडी खान, दीपक कुमार, कोल्ला राजू, अन्नपूर्णा साहू, विश्वनाथ, बबलू, जी. जगन्नाथ राव, जी. श्रीन कुमार, एम. पापाराव, कार्तिक राम, एम. श्रीनिवासलू, राम अवतार यादव, संजय विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

- प्रजा सेवा समिति एवं श्री सांई नाथ जनसेवा समिति ने की अनोखी पहल

## समाज लाइव

# निषाद समाज का बनेगा सामाजिक भवन, भूपेश 19 को करेंगे भूमिपूजन

**भिलाई।** जिला निषाद केवट समाज जिला युवा प्रकोष्ठ द्वारा किकिमेटा-कौही परिक्षेत्र स्तर में सामाजिक संदेश जागरूकता अभियान का आयोजन 19 नवंबर को किया जा रहा है। ग्राम रानीतराई पाटन से इसकी शुरुआत होगी। कार्यक्रम के अंतर्गत परिक्षेत्रीय कार्यालय के लिए 6 लाख का भूमिपूजन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। इसके अलावा आयोजन में कुंवर सिंह निषाद प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज व गुण्डरदेही विधायक शामिल होंगे।कार्यक्रम में परिक्षेत्र पदाधिकारी एवं युवा प्रकोष्ठ मौजूद रहेंगे। समाज के युवा, महिला, बुजुर्गों में सामाजिक एकजुटता, राजनीतिक एवं संगठनात्मक मजबूती लाने के उद्देश्य से यह जागरूकता अभियान शुरू किया जा रहा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीरेंद्र निषाद आदि मौजूद रहेंगे।

● शिवनाथ नदी और खारून नदी तट पर लगा मेला, पूरे दिन भक्तों का लगा रहा रेला

# देव दीपावली : ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर किया दीपदान पूरे दिन पूजा-अर्चना व दान, कार्तिक माह का समापन

**भिलाई।** कार्तिक माह के हर दिन माता लक्ष्मी के अलग-अलग रूपों की पूजा की गई। शुक्रवार को इस माह का समापन हो गया। माह के अंतिम दिन को परंपराओं और संस्कृतिक के अनुरूप देव दीपावली के रूप में मनाया गया। मान्यताओं के अनुसार इस तिथि को ब्रह्मा, विष्णु, महेश, अंगीय और आदित्य आदि ने महा पुनीत पर्व प्रमाणित किया है। कार्तिक महीना संपन्न होने के बाद मार्गशीर्ष शुरू हो गया। शुक्रवार को शिवनाथ और खारून नदी के अलग-अलग तटों पर सुबह से ही स्नान-दान, हवन, यज्ञ, दीपदान और उपासना का क्रम चलता रहा। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक इस दिन स्नान, दान और पूजा-अर्चना से अनंत फल की प्राप्ति होती है। शुक्रवार को शहर के मंदिरों में शाम के समय देव दीपावली मनाई गए। इसमें शिवालय, मंदिर, पीपल, गोशला, आंवला के वृक्ष और माता तुलसी के आगे लोगों ने दीप दान किया। घर के प्रवेश द्वार पर दीपक जलाए। इसके अलावा भगवान शालिग्राम की पूजा और सत्यनारायण की कथा और ब्राह्मण भोज कराया गया। भगवताचार्य लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि पूर्णमासी के इस दिन शाम के समय भगवान मत्सय अवतार हुआ था। इसी कारण इसमें किए गए दान, जप आदि का 10 यज्ञों के समान फल प्राप्त होता है।





### चंद्रमा मेष राशि से होकर मंगल में प्रवेश कर गया



पंडितों के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर चंद्रमा मेष राशि में होकर मंगल के साथ राशि परिवर्तन योग बना है। साथ ही मंगल और चंद्रमा के एक दूसरे से चतुर्थ दशम होने से धन योग भी बन रहा है। इसके साथ ही चंद्रमा और गुरु के एक दूसरे से द्विद्वाश योग होने से सुनफा योग भी बना है। वहीं शनिदेव अपनी मूल त्रिकोण राशि में विराजमान हैं, इसलिए इस दिन शश राजयोग भी बना रहेगा। ऐसे में कार्तिक पूर्णिमा पर जो भी उपाय और दान-पुण्य के कार्य किए गए, उसका 100 गुना अधिक फल मिलेगा। पूर्णिमा की शुरुआत शुक्रवार की सुबह 6:19 बजे से प्रारंभ हुई। यह 16 नवंबर को 2:58 बजे तक रहेगी।

### प्राचीन शिव मंदिर में पुन्नी मेला

महमरा घाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का रेला रहा। घाट के आसपास मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शुक्रवार की सुबह 4 बजे से ही शिवनाथ नदी में पुण्य स्नान के लिए हजारों भक्त उमड़ने लगे। ठंडे के बाद भी लोगों ने दिव्य डुबकी लगाई। इस अवसर प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा की। शाम के समय भी लोग बड़ी संख्या में नदी तट पर पहुंचे। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने दीपदान किया।



## आयोजन...

# सिख समाज के प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित



**भिलाई।** सिख समाज के होनहार बच्चे और बच्चियों को यूथ सिख सेवा समिति द्वारा सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा साहिब हाउसिंग बोर्ड में आयोजित कार्यक्रम में समिति द्वारा उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि मुख्य रूप से उन बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पढ़ाई और खेल मे अपनी मेहनत और लगन से अपना एक अलग स्थान बनाया है। अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। उनका सम्मान आज गुरु नानक देव की जयंती पर किया गया। प्रतिवावान बच्चों में डॉ. जसप्रीत कौर सैनी गोल्डमेडल (होमियोपैथिक), अंशदीप सिंह गोल्डमेडल ( स्टेट कराटे चैंपियनशिप), बबलीन कौर सिल्वरमेडल (स्टेट कराटे चैंपियनशिप) को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंग छोटू, महासचिव जसवंत सिंह सैनी, मलकीत सिंग लल्लू, कर्मजीत सिंह बेदी, हरनेक सिंग, रंजीत सिंग, निर्मल सिंग, सोम सिंग, मनमीत सिंग सहित अन्य मौजूद थे। सदस्यों ने बताया कि सिख समाज की ज़रूरतमंद बच्चियों के सामूहिक विवाह के लिए यूथ सिख सेवा समिति ने पंजीयन की शुरुआत की है। पंजीयन के आधार पर जरुरतमंदों की आर्थिक रूप से मदद की जाएगी।

**गुरुद्वारा साहिब हाउसिंग बोर्ड में यूथ सिख सेवा समिति का आयोजन**



## उत्कल सांस्कृतिक परिषद से-6 का आयोजन

# जगन्नाथ मंदिर में 12 घंटे का महायज्ञ, ग्रहण किया प्रसाद



**भिलाई।** उत्कल सांस्कृतिक परिषद श्रीजगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हरि कीर्तन नाम यज्ञ का आयोजन किया गया। इससे पहले कलश यात्रा निकाली गई। शुक्रवार की सुबह 7 बजे नाम यज्ञ के यजमान अरुण पांडा और उनकी पत्नी ज्योतिर्मय ने पंडित तुषार महापात्र के निर्देशन पर नाम यज्ञ प्रारंभ किया। यह यज्ञ बिना रुके लगातार 12 घंटे तक चला। यज्ञ के बीच में मध्यानह भोजन में 3500 से ज्यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ का समापन संध्या 7 बजे दही मटकी फोड़कर किया गया। रात्रि को भी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर दिलीप मोहंती, रविंद्र साहू, शरद विशाल, शशि भूषण महंती, रवि मुन्नी, हरिश्चंद्र रावत, प्रशांत श्यामल, नीलमणि नायक, सुभाष साहू, संजय साहू, सन्यास साहू, दंडासी पटनायक, गजेंद्र पांडा, बलराम रथ, प्रभात त्रिपाठी, संजीव भुइया, राजीव भुइया, जीतू भुइया सहित अन्य मौजूद थे।



## मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकंडरी स्कूल में 36 वां वार्षिकोत्सव

# कृष्ण लीलाओं को नृत्य में किया प्रदर्शित रंगीले भारत को नृत्य और संगीत में पिरोया



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकंडरी स्कूल रिसाली का 36 वां वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन नरेंद्र कुमार बंछोर और विशिष्ट अतिथि रिसाली निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पणएवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। स्वागत भाषण संस्था के प्रबंधक श्रीमान एस सजीव ने दिया। विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ सजीता थंबी ने विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान विद्यार्थियों और शैक्षणिक उपलब्धियों में अग्रणी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को फाउंडर प्रेसिडेंट छात्रवृत्ति और आर्थिक रूप से कमजोर और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्व. गंगाधरन और स्व. भास्करन कुल 13 छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिन्हें सराहना मिली। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा राजम सुधाकरण, संस्था के प्रबंधक एस सजीव एवं एस साजन, प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी, उपप्राचार्या डॉ. बीना सजीव, प्रधान अध्यापिका निशी साजन और मैत्री विद्या निकेतन पाटन की प्राचार्या अंबाली, भिलाई मैत्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुरेखा पाटिल सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्या डॉ. बीना सजीव, श्रीलता धावला, कल्पना देशमुख, विधि डड़सेना, मोनिका साहू, अनिर्बान मुखर्जी, पलक गिरी, सोनाक्षी चौबे, तुषार देशलहरा ने किया।

### शाला की वार्षिक पत्रिका मैत्री का विमोचन

इस अवसर पर स्कूल की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में पुरस्कार विजेताओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की। बच्चों को संघर्ष, मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। पालकों से उनके बच्चों को उनकी रुचि के अनुरूप चयनित क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि मोनिका वर्मा ने अपने विद्यालय के दिनों को याद करते हुए विद्यार्थियों से अपने विद्यालय जीवन को जीवन भर याद रखने की बात कही। विद्यालय को ना केवल शैक्षिक उपलब्धियां हासिल करने का स्थान बताया, बल्कि अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का मंच कहा।

### प्री-प्राइमरी के छात्रों ने दी मनमोहन प्रस्तुतियां

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति में स्वागत गीतों की माला से आगाज़ हुआ। प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और मोबाईल की थीम पर सुंदर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राथमिक और माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण जीवन लीला, उत्तम स्वास्थ, रंगीला भारत को नृत्य एवं संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों ने गरबा और रेट्रो टू मेट्रो फ्यूजन सॉन्ग पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथियों को स्मृति चन्ह भेंटकर विदाई दी गई। शाला के प्रतिभावान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेहतर प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रणजी ट्रॉफी में आसाम के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आगे, आयुष की धुआंधार पारी



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. की ओर से रणजी ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 11 अक्टूबर से चल रहा है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच (13-16 नवंबर) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में असम टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

असम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 95.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 289 रन बनाये है। असम की ओर से कप्तान देनिश दास ने शनदार 104 रन तथा घडीगांवकर ने 61 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने 5 विकेट लिये। रवि किरण ने प्रथम श्रेणी में 7वीं बार तथा इस वर्ष लगातार दुसरी बार 5 या उससे अधिक विकेट प्राप्त किये। उनके अतिरिक्त आशीष चौहान ने 3 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 143 ओवरों में 9 विकेट खोकर 500 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। छत्तीसगढ़ ने रणजी ट्राफी में 8वीं बार तथा इस वर्ष लगातार चौथी बार मैच की एक पारी में 500 या उससे अधिक रन बनाने का कीर्तिमान बनाया। छत्तीसगढ़ की ओर से आयुष पांडेय ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला दोहरा लगाते हुये शानदार 211 रनों की पारी खेली। उन्होने 401 गेदों का सामना किया तथा 26 चौके तथा 1 छक्का जडा। उनके अतिरिक्त अजय मंडल ने 69 रन तथा एकनाथ केरकर ने 50 रनों का योगदान दिया। असम की ओर से राहुल सिंह तथा मुख्तार हुसैन ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक असम ने अपनी दूसरी पारी में 16 ओवरों में 1 विकेट खोकर 58 रन बना लिये है। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने 1 विकेट प्राप्त किया। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 153 रनों से आगे है।

### सीएम ट्रॉफी बैडमिंटन में मिक्स डबल्स और सिंगल्स के मुख्य ड्रा में हुए रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** सीएम ट्रॉफी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन स्पर्धा राजधानी रायपुर में 12 से 17 नवंबर तक जारी है। 15 नवंबर को मुख्य ड्रा के मुकाबले खेले गए। मिश्रित युगल मुख्य ड्रा दूसरे दौर में आशिथ सूर्या और अमृत प्रमुथेश (भारत) की जोड़ी ने सुब्रमण्यम सुंजिथ और नयना एस ओसिस सुनील ओसिस (भारत) की जोड़ी को 21-18,23-21 से, अरविंद वी सुरेश और गौरी कृष्णा टी.आर (भारत) की जोड़ी ने गणेश विट्ठलजी और शिवानी संतोष सिंह (भारत) की जोड़ी को 21-19,18-21,21-13से, अरुणेश हरि और श्रेया बालाजी (भारत) की जोड़ी ने रोहित जयकुमार और दिव्या आर बालासुब्रमण्यम (भारत) की जोड़ी को 21-11,21-8 से, धीरेन अय्यप्पन (संयुक्त अरब अमीरात) और श्रीनिधि नारायणन (भारत) की जोड़ी ने आयुष माखीजा और दीक्षा चौधरी (भारत) की जोड़ी को 21-6,21-17 से, रोहन कपूर और गद्दा रुथविका शिवानी (भारत) की जोड़ी ने वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन (भारत) की जोड़ी को 21-11,21-19 से, नितिन कुमार और रिधि कौर तूर (भारत) की जोड़ी ने ध्रुव रावत और राधिका शर्मा (भारत) की जोड़ी को 21-17,21-19 से, बोक्का नवनीत और रितिका ठाकर (भारत) की जोड़ी ने थंडरंगी हेमा नागेन्द्र बाबू और कनिका कँवल (भारत) की जोड़ी को 21-19,19-21,21-14 से, फुवानात होरबानलुएकिट और फुंगफा कोर्पथम्माकिट (थाईलैंड) की जोड़ी ने सात्विक रेड्डी कनापुरम और वैष्णवी खड़केकर (भारत) की जोड़ी को 21-17,21-18 से हराया।

पुरुष एकल मुख्य ड्रा दूसरे दौर के परिणाम एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन (भारत) ने चिराग सेठ (भारत) को 22-20,21-10 से, हर्षल भोयर (भारत) ने सिद्धनाथ गुप्ता (भारत) को 21-18,21-14से, सनीथ दयानंद (भारत) ने तरूण रेड्डी कटम (भारत) को 21-19,21-12 से, निकोलस राज (भारत) ने चिराग सेन (भारत) को 21-17,12-21,21-18 से, बी.एम. राहुल भारद्वाज (भारत) ने मीराबा लुवांग मैसनम (भारत) को 21-16,18-21,21-18 से, समरवीर. (भारत) ने कार्तिकेय गुलशन कुमार (भारत) को 21-11,23-21 से, सिद्धार्थ प्रताप सिंह (भारत) ने ऋषभ देशपांडे (भारत) को 21-16,22-20 से, दर्शन पुजारी (भारत) ने मोहित गौड़ा पालका (भारत) को 21-11,12 4-21,21-11 से, रवि रवि (भारत) ने अधीप गुप्ता (भारत) को 16-21,21-9,21-13 से, कौशल धर्ममेर (भारत) ने नरेन शंकर अय्यर (भारत) को 21-14,18-21,21-18 से, ऋत्विक संजीवी सतीश कुमार (भारत) ने आदित्य बापीनेदु गोपाराजू (भारत) को 21-11,21-16 से, प्रणय कट्टा (भारत) ने अभिषेक सैनी (भारत) को 21-15,17-21,23-21 से, रौनक चौहान (भारत) ने हिमानीश दास (भारत) को 21-12,19-21,21-19 से हराया।

● सामान्य सर्दी-खांसी लंबे समय तक चले तो उचित परामर्श लेना जरूरी

# इस मौसम की सर्दी-खांसी को हल्के में ना लें, हो सकता है निमोनिया भी

निमोनिया एक फेफड़े का संक्रमण है जो इलाज न मिलने पर गंभीर हो जाता है। यहां जानिए निमोनिया होने पर क्या लक्षण नजर आते हैं। निमोनिया की समस्या से तो आप सब वाकिफ होंगे। ज्यादातर ये छोटे बच्चों में देखने को मिलती है। बचपन में शायद आप भी इससे गुजरे हों। ये सांस से जुड़ा एक गंभीर रोग है जो पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मौत का प्रमुख संक्रामक कारण बना हुआ है। लेकिन ये किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। खासकर जिनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है। वहीं अक्सर लोगों का सवाल होता है कि आखिर कैसे नॉर्मल सर्दी खांसी निमोनिया का रूप ले लेती है। इस बारे में पल्मोनरी क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन अस्पताल नई दिल्ली की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. नीतू जैन जानकारी दे रही हैं।



### नॉर्मल सर्दी खांसी कैसे बन जाती है निमोनिया?

एक्सपर्ट के मुताबिक मौसम में बदलाव, वायरल इंफेक्शन,धूल मिट्टी से एलर्जी के कारण खांसी होती है। अगर ये खांसी 1 हफ्ते से ज्यादा रहती है तो निमोनिया में बदल जाती है। दरअसल रेस्पिरेटरी ट्रैक एक होता है जो नाक से शुरु होते हुए लंग्स तक पहुंचता है। अगर कोई इंफेक्शन नेजल ट्रैक में रहता है और उसका इलाज नहीं क्या जाता है तो वो इंफेक्शन नेजल ट्रैक सो होते हुए फेफड़ों तक पहुंच जाता है। जिसकी इम्यूनिटी कमजोर होती है उनके फेफड़ों में संक्रमण होने लगता है। वायरस, बैक्टीरिया और फफूंद के कारण फेफड़ों में सूजन हो जाता है। फेफड़ों में हवा की थैली मवाद से भर जाती है और सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। कई बार लोग सामान्य सर्दी जुकाम समझ कर छोड़ देते हैं। समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण पीड़ित व्यक्ति की जान चली जाती है। ऐसे में जरूरी है कि जब भी किसी को सर्दी खांसी की शिकायत हो तो लक्षणों को पहचानकर तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

### बच्चों पर दें खास ध्यान

इस मौसम में थोड़ी सी सतर्कता और साफ-सफाई और उचित देखभाल के साथ हम अपने बच्चे को स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। नवजात शिशु अपनी समस्या बता नहीं सकते इसलिए छोटे बच्चों में निमोनिया के लक्षण पहचानना बहुत जरूरी है यदि समय रहते निमोनिया के लक्षणों को पहचान लिया जाए तो अनेक बच्चों की जान बचाई जा सकती है। नवजात बच्चों की माताओं को सर्दी में बच्चों के साथ-साथ खुद के स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। माताओं को भी पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए, क्योंकि मां के स्वास्थ्य व आहार का सीधा असर बच्चे पर पड़ता है। माता की लापरवाही से बच्चों को ठंड पकड़ सकती है। बच्चों को बाहर का खाद्य पदार्थ न दें। उन्होंने बताया ज्यादातर 5 वर्ष तक के बच्चे निमोनिया की चपेट में अधिक आते हैं इसीलिए माताओं को इस दौरान विशेष ध्यान देना चाहिए। बच्चों में तेज-तेज सांस चलना, कफ जकड़ना आदि भी निमोनिया के संकेत हो सकते हैं। सामान्य से अधिक तेज सांस या सांस लेने में परेशानी, सांस लेते या खांसते समय छाती में दर्द, खांसी के साथ पीले, हरे रंग के बलगम, बुखार, कंपकंपी ठंड लगना, खांसते-खांसते मुंह लाल हो जाना, पसीना आना, उल्टी होना, पेट या सीने के निचले हिस्से में दर्द होना, कंपकंपी आना, शरीर में दर्द होना मांसपेशियों में दर्द होना भी निमोनिया के लक्षण हैं।



# हथेली में ये निशान माने जाते हैं अशुभ व्यक्ति को बार-बार मिलती है असफलता



सभी की हथेलियों पर कुछ ऐसे निशान व लकीरें होती हैं जो व्यक्ति के भविष्य के बारे में बताती हैं। ये सभी निशान बेहद ही खास और महत्वपूर्ण होते हैं। हस्तरेखा ज्योतिष शास्त्र की माने तो मनुष्य के हाथों पर बनी लकीरें व्यक्ति के स्वभाव को बताती है। यहीं नहीं हथेली पर मौजूद कुछ लकीरें व्यक्ति को भाग्यशाली भी बनाती है। माना जाता है कि जिन लोगों की हथेली में 'वी' का निशान तर्जनी और मध्यमा अंगुली के बीच में होता है तो यह बहुत लकी माना जाता है। साथ ये लोग अधिक भरोसेमंद भी होते है। हर लकीर का अपना अलग महत्व होता है। लेकिन हाथों की कुछ लकीरें और निशान व्यक्ति के लिए अशुभ भी होते हैं। इन रेखाओं की वजह से व्यक्ति को जीवन में हर चीज के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ता है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि हथेली पर किस निशान या रेखा का

### हाथ में राहु रेखा

माना जाता है कि जिन व्यक्ति के हाथों में राहु रेखा होती है उनका जीवन बहुत कष्टमय कटता है। इस रेखा को चिंता रेखा या विघ्न रेखा भी कहा जाता है। हस्तरेखा शास्त्र अनुसार, इस रेखा के होने से व्यक्ति को करियर में बार- बार असफलताओं का सामना करना पड़ता है।

### शनि पर्वत पर निशान

हस्तरेखा शास्त्र अनुसार यदि व्यक्ति के शनि पर्वत पर क्रॉस का निशान बना होता है, तो इसे अशुभ माना जाता है। जिन व्यक्ति के हाथों में ये निशान होता है ऐसे लोगों को जीवन में बदनामी का सामना करना पड़ता है।

### विवाह रेखा का कई शाखाओं में बटना

अगर हाथ में विवाह रेखा कई शाखाओं में बंट जाएं तो इससे व्यक्ति को दांपत्य जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार ऐसे व्यक्ति की छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई भी होती है।

### सूर्य रेखा पर द्वीप

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार सूर्य रेखा पर द्वीप का निशान होना बेहद अशुभ होता है। ऐसे व्यक्ति पर बहुत अधिक कर्ज हो जाता है। साथ ही जीवन में कई परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है।

# तवे को सेट करने के लिए काम आएंगे ये टिप्स



क्या कभी आपने प्याज की मदद से तवा सेट किया है? अगर नहीं, तो आज हम आपको शेफ के ऐसे टिप्स बताएंगे जिनकी मदद से इन टिप्स को फॉलो करना बहुत ही आसान हो जाएगा।

भारतीय किचन में तवा बहुत ही इस्तेमाल किया जाता है। इसका इस्तेमाल हर तरह के व्यंजन बनाने के लिए किया जाता है। फिर चाहे पराठा बनाना हो, रोटी सेंकनी हो या फिर डोसा पकाना हो...तवा का इस्तेमाल किया जाता है। एक अच्छे तवे पर खाना बनाना जितना आसान होता है, उतना ही ध्यान देने की जरूरत होती है।

क्योंकि अगर तवा ठीक से सेट न किया जाए, तो तवा चिपकने लगता है। इससे खाने का स्वाद बदल जाता है। इसलिए तवा को पहले ठीक से सीजन करना जरूरी होता है, ताकि उसकी लेयर ठीक से सेट हो जाए। इसके लिए आप हमारे बताए गए टिप्स को फॉलो करें, जिससे तवा सेट करना आसान हो सकता है।

### नए तवे को पहले करें प्री-सीजन

नया तवा खरीदने के बाद उसे सीजन करना जरूरी है। इस प्रक्रिया में तवा पर एक लेयर चढ़ा दी जाती हैं, जिससे वह चिपकता नहीं है। इस टिप को अपनाने के लिए सबसे पहले तवा हल्का गर्म करें। फिर इसपर तेल लगाएं और फैलाकर गर्म करें। गर्म करने के बाद हल्का गर्म पानी से तवा धो लें। इसके बाद इसे हल्के गरम पानी से धो लें। इससे 2-3 बार करें, ताकि तवा अच्छी तरह से सेट हो जाए।

### तवे पर नमक का इस्तेमाल करें

अगर तवा चिपकने लगता है, तो नमक का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है। इसके बाद तवे को हल्का गर्म करें और उस पर एक चुटकी नमक छिड़कें। इसे 2-3 मिनट तक तवे पर रखें और फिर एक सूखे कपड़े से पोंछ दें। नमक की यह टिप तवे से नमी और गंदगी को हटाकर उसे एक बेहतर, नॉन स्टिक को एक लेयर देती है।

### तेल और प्याज से सेट करें तवा

तवे को सेट करने के लिए प्याज और तेल का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले तवे को गर्म करें और उस पर थोड़ा तेल डालें। अब प्याज का एक टुकड़ा लेकर तवे पर रगड़ें।



# अनुलोम-विलोम का अभ्यास करने जानें सही तरीका

योग स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, लेकिन योग को न समझने वाले लोग इसे फायदों और असर पर सवाल उठाते हैं । हालांकि वैज्ञानिक शोध प्राणायाम के लाभों और सटीकता की पुष्टि करते हैं । सबसे मशहूर प्राणायामों में से एक है अनुलोम विलोम। किसी भी योग के अभ्यास के लिए सबसे जरूरी है , उस आसन को सही तरीके से करना। हालांकि अक्सर लोग गलत तरीके से योगाभ्यास करते हैं । अनुलोम विलोम प्राणानायाम को आसान अभ्यास समझा जाता है, जिसमें नाक से सांस खींच कर दूसरे नथुने से छोड़ा जाता है। लेकिन ये सही तरीका नहीं है। इस योग को नाड़ी शोधन प्राणायाम भी कहते है और नाम के अनुरूप ही इस योग का अभ्यास करते हैं । आइए जानते हैं, अनुलोम विलोम के अभ्यास का सही तरीका और इसके फायदे।

### अनुलोम-विलोम के अभ्यास का सही तरीका

अनुलोम-विलोम करने के लिए मैट पर पद्मासन या सुखासन की स्थिति में बैठ जाएं। रीढ़ और गर्दन को सीधा रखते हुए आंखें बंद कर लें और ध्यान लगाएं। कलाइयों को घुटनों पर टिकाकर दाहिने हाथ का उपयोग करते हुए मध्यमा और तर्जनी को हथेली की ओर मोड़ें। अब अंगूठे से दाहिने नथुने को बंद करें और अनामिका को बाएं नथुने पर रखते हुए धीरे धीरे गहरी श्वास लें। श्वास की गति पर ध्यान केंद्रित करें, फिर अंगूठा छोड़ते हुए अनामिका से बाएं नथुने को बंद करें। दाहिने नथुने से धीरे धीरे श्वास छोड़ें। इसी क्रिया को दूसरी ओर से करें। इस बार दाएं नथुने से सांस लें और बाएं से श्वास छोड़ें।

### अनुलोम-विलोम के अभ्यास के फायदे



इस प्राणायाम के अभ्यास से कई गंभीर स्वास्थ्य विकार, जैसे हृदय की समस्याएं, गंभीर अवसाद, उच्च रक्तचाप, गठिया, माइग्रेन की समस्या में कमी आती है। अनुलोम विलोम करने से चिंता, तनाव और अवसाद दूर हो सकता है। श्वसन विकार जैसे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस ठीक करने में भी अनुलोम-विलोम फायदेमंद है। एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है, साथ ही क्रोध, बेचैनी, निराशा और विस्मृति जैसी नकारात्मक भावनाएं दूर होती हैं। इस योग के अभ्यास से वजन घटाया जा सकता है और मेटाबॉलिज्म ठीक रहता है। त्वचा में चमक और आंखों की रोशनी बेहतर होती है।



## कार्नर न्यूज

## किशोर अवस्था में अपने बच्चों को दोस्त बनाकर रहिए

# अपने टीनेज बच्चे के अच्छे दोस्त बन कर भी रह सकते हैं आप, बस इन छोटी-छोटी बातों पर कीजिए फोकस

13 से 19 साल के बच्चे में हार्मोनल चेंजेज होते हैं। इस दौरान शारीरिक से लेकर मानसिक तक कई तरह के बदलाव होते हैं। ऐसे में, कई बार वे अपने माता-पिता इग्नोर कर अपने दोस्तों पर ही ज्यादा यकीन करने लगते हैं। इस स्थिति में पेरेंट्स को भी अपने टीनएज बच्चे का दोस्त बन कर रहना जरूरी होता है। आज हम इस आर्टिकल में टीनएज बच्चे के साथ दोस्त बनकर रहने के कुछ टिप्स बताने वाले हैं। टीनएज यानी बच्चे का 13 से 19 साल के बीच का समय एक ऐसा दौर होता है जब बच्चे के अंदर शारीरिक से लेकर मानसिक तक कई सारे बदलाव होते हैं। इस दौरान बच्चे अपने माता-पिता से भी दूरी बनाने लगते हैं और दोस्तों के करीब होते जाते हैं। दरअसल, ऐसा उनके अंदर हार्मोनल बदलाव की वजह से होता है। किशोरावस्था में बच्चे को लगता है कि उनके माता-पिता उनकी बात नहीं समझ पाएंगे, जितनी अच्छी तरह उनके दोस्त उन्हें समझ सकते हैं। इसलिए बच्चे के टीनएज का समय हर पेरेंट्स के लिए चुनौती भरा होता है। इस समय बच्चे का दूसरों के बहकावे में आने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में बच्चों के साथ आपको भी एक दोस्त जैसा बॉन्ड बनाए रखना जरूरी होता है।



### टीनएज बच्चे के साथ दोस्ताना रिश्ता कैसे बनाएं?

छोटे बच्चों को तो आप कुछ बोलकर बहला सकते हैं, लेकिन वही बच्चे जब टीनएज स्टेज पर आ जाएं तो उन्हें आप इग्नोर नहीं कर सकते हैं। अगर आप उनकी बातों को बिना सुने इग्नोर करते हैं, तो इससे उन्हें गुस्सा आ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने बच्चे की बातों को हमेशा ध्यान से सुनें। जब वे अपनी भावनाओं, अनुभवों और विचारों को शेयर करें, तो उनकी सारी बातों पर प्रतिक्रिया दें। उन्हें महसूस कराएं कि आप उनकी बातों को महत्व देते हैं।

### जज करने के बजाय बच्चों को समझने की करें कोशिश

अपने बच्चे की भावनाओं और विचारों का सम्मान करें। भले ही उनकी राय आप से मेल न खाती हों, पर मन में बिना कोई धारणा बनाए उनकी बातों को सुनें। साथ ही, कुछ गलत बोलने पर उन्हें जज न करें। इससे उन्हें बुरा लग सकता है और वे आपसे दूरी बना सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप उन्हें प्यार से समझाएं।

### बच्चों की हॉबीज में साथ दें और मदद करें

टीनएज बच्चे के हर पसंद-नापसंद में आपको शामिल होना जरूरी है। ऐसे में, उनकी हॉबीज में भी आपको साथ देना चाहिए। हो सकता है कि उनकी हॉबीज खेल-कूद में ज्यादा हो और पढ़ाई में कम, लेकिन उन्हें किसी चीज में अकेला महसूस न होने दें। इससे वे आपके करीब आ सकते हैं। साथ ही, आपको अपना दोस्त भी मान सकते हैं।

### बच्चों पर ज्यादा रोक-टोक न लगाएं

अपने बच्चे के साथ दोस्ती का रिश्ता बनाने के लिए उन्हें स्वतंत्रता दें। अपने फैसले खुद लेने दें। साथ ही, अगर वे कुछ गलतियां करते हैं, तो उन्हें सही और गलत के बारे में भी समझाएं, लेकिन अपने विचार पूरे तरह से उनपर थोपे नहीं।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### अपनी ही फिल्म 'जोकर 2' को टिम डिलन ने बताया बकवास

कॉमेडियन टिम डिलन को 'जोकरः फोली ए डेक्स' यानी 'जोकर 2' में एक आर्कम असाइलम सुरक्षा गार्ड के रूप में एक छोटी सी भूमिका निभाते देखा गया। इस फिल्म के बाद वे 'द जो रोगन एक्सपीरियंस' में भी नजर आए। कॉमेडियन टिम डिलन टॉड फिलिप्स की फिल्म 'जोकर' के सीक्वल को अब तक की सबसे खराब फिल्म बताया है। इस फिल्म को सबसे ज्यादा नकारात्मक समीक्षा मिलीं और बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म फ्लॉप रही। 58 मिलियन घरेलू और 204 मिलियन दुनिया भर में फ्लॉप रही, जो 2019 की पहली फिल्म जोकर की एक बिलियन की कमाई से बहुत कम है। कॉमेडियन टिम डिलन ने कहा कि यह फिल्म अब तक की सबसे खराब फिल्म है। इस फिल्म की रिलीज के बाद मुझे सुनने को मिला कि इसे गलत तरह के लोगों ने पसंद किया। किसी ने कहा इसने गलत तरह का संदेश भेजा। कुछ लोगों ने माना कि इसमें पुरुष क्रोध दिखाया गया। किसी ने कहा इसमें शून्यवाद दिखाया गया। उन्होंने कहा फिल्म का कोई प्लॉट नहीं है। हम वहां बैठते थे, मैं और ये दूसरे लोग सभी सुरक्षा पोशाक पहनते थे। हम वहां की बातें सुनते और सोचते थे, ये क्या बकवास है। कहानी क्या है हमें खुद नहीं पता। क्या कुछ खास है। यह देखने में भी नफरत करने लायक नहीं है। ये इतनी भयानक कहानी है।



## टॉलीवुड

### नाग अश्विन ने पीआर टीम के झूठ पर कही ये बात

कल्कि 2898 एडी का निर्देशन करने की वजह से घर-घर में मशहूर हो चुके नाग अश्विन हाल ही में चर्चा में आ गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि वह जल्द ही एक महिला प्रधान फिल्म बनाने जा रहे हैं। कहा जा रहा था कि इस प्रोजेक्ट का निर्माण वैजयंती फिल्म्स करेगी। साथ ही, ऐसी अटकलें भी लगाई गई थीं कि फिल्म में आलिया भट्ट मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, नाग अश्विन ने अब इन खबरों को लेकर अपनी स्थिति साफ कर दी है। उन्होंने रिपोर्ट्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट किया है कि इन बातों में थोड़ी भी सच्चाई नहीं हैं। उन्होंने कहा, ₹नहीं, ये बस एक अफवाह है।₹ इस दौरान उन्होंने साझा किया कि उनका अगला प्रोजेक्ट कल्कि 2898 एडी का अगला भाग होगा। हालांकि, इस फिल्म की रिलीज डेट अभी आधिकारिक रूप से तय नहीं की गई है। इससे पहले एक रिपोर्ट में कहा गया था कि नाग अश्विन ने एक शक्तिशाली महिला प्रधान फिल्म को लेकर एक स्क्रिप्ट तैयार की है। इसमें दावा किया गया था इस फिल्म को खास तौर पर आलिया के लिए ही लिखा गया है। साथ ही, रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि फिल्म की कहानी को फिलहाल गुप्त रखने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, नाग अश्विन ने अब इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। आलिया बॉलीवुड के अलावा साउथ में भी अपनी अदाकारी का जलवा दिखा चुकी हैं। एस एस राजामौली की फिल्म आरआरआर में वह अहम किरदार में नजर आई थीं। फिल्म में राम चरण और जूनियर एनटीआर अहम भूमिका में थे। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में आलिया फिल्म जिगरा में नजर आई थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी। इसके बाद वह जल्द ही अल्फा में दिखने वाली हैं। फिल्म में उनके साथ शरवरी वाघ भी हैं। इसका निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं।



## भोजपुरी

### फ्लाइट में पंकज -विक्रांत से मिलीं अक्षरा सिंह, बोलीं- वे व्यक्तित्व के हैं धनी

'भोजपुरी क्वीन' अक्षरा सिंह इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। अक्षरा भले ही लंबे समय से बड़े पर्दे पर ना दिखी हो, लेकिन अपने इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर वो लगातार चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में सोशल मीडिया पर उन्होंने दो पोस्ट शेयर किए हैं, जो तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक तस्वीर में वो बॉलीवुड के जबरदस्त अभिनेता विक्रांत मैसी के साथ हैं तो दूसरी फोटो में धुरंधर एक्टर पंकज त्रिपाठी के साथ नजर आ रही हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री अक्षरा सिंह इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अभिनेत्री ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दो पोस्ट शेयर किए हैं, वायरल तस्वीरों में वो बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी और विक्रांत मैसी के साथ नजर आ रही हैं। अभिनेत्री को इत्तेफाक से दोनों ही स्टार्स फ्लाइट में मिल गए। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर पहली फोटो विक्रांत मैसी के साथ शेयर की। दोनों फ्लाइट में हैं। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'संजोग से फ्लाइट में मुलाकात कमाल के एक्टर और इंसान से विक्रांत मैसी।'



## डिजाइनर स्टूडेंट




उत्तरी भारत फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईआईएफटी), मोहाली के ग्लैमरस स्टूडेंट मॉडल ने पिछले दिनों अपने कलेक्शन से धूम मचा दी। टीम में शामिल 35 युवती और 6 युवक आईके गुजराल - पीटीयू से संबद्ध एनआईआईएफटी मोहाली के स्नातक फैशन डिजाइन स्टूडेंट के बनाए गए 49 खूबसूरत व्यावहारिक संग्रहों को प्रदर्शित करने 'अनुकामा' फैशन शो के दौरान मंच पर आए। शो की कोरियोग्राफी फैशन डिजाइन विभाग की प्रमुख नवदीप कौर ने की थी।

# ब्लैक के अलावा काजल के ये शेड्स होने चाहिए आपकी वैनिटी का हिस्सा

इसके लिए वे मेकअप के कई प्रोडक्ट्स खरीद लेती हैं और उन्हें ट्राई भी करती हैं।लेकिन कई महिलाओं को मेकअप की ज्यादा जानकारी नहीं होती है। इसी कारण वे आज भी कई महिलाएं केवल काजल लगाना पसंद करती हैं।इसलिए आज हम आपको दिखाएंगे काजल लगाने के कुछ ऐसे डिजाइन जिन्हें देख कर आप भी अपने आई मेकअप के साथ एक्सपेरिमेंट्स करना सीख जाएंगी।

### डबल कलर का काजल

इस तरह का काजल देखने में बेहद कूल दिखाई देता है। साथ ही इस तरह का काजल का डिजाइन आप वेस्टर्न ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। इस तरह का डिजाइन आप किसी भी पार्टी या फंक्शन के लिए ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप किन्हीं दो कलर के आई शैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### ब्रोड ब्लैक काजल



वैसे तो ये एक बेसिक काजल कलर है। लेकिन जिस तरह से ब्रॉड कर इसे कैरी किया गया है, वे देखने में बेहद क्लासिक दिखाई दे रहा है। कोशिश करें कि इस तरह के काजल लुक के साथ आप सिल्वर ज्वेलरी स्टाइल करें। साथ ही लिप्स को न्यूड रखें। न्यूड कलर के लिए बेज कलर का इस्तेमाल करें। इस तरह का काजल आप किसी भीट्रेडिशनल ड्रेसके साथ कैरी कर सकती हैं।

### कैट आई काजल

इस तरह का काजल देखने में बेहद ट्रेंडी दिखाई देता है। इस तरह का काजल आप वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल तक किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। साथ ही लिप्स के लिए आपन्यूड कलरका ही इस्तेमाल करें। इस तरीके के काजल के लिए आप ग्रीन, ब्लू या रेड कलर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इस तरह के काजल को लगाने के लिए आप किसी भी पतले ब्रश का इस्तेमाल करें। साथ ही काजल लगाने के लिए आप हल्के हाथों का इस्तेमाल करें।

# साड़ी लुक को स्टाइलिश बनाएंगे ब्लाउज की ये बैक डिजाइंस




स्टाइलिश लुक पाने के लिए साड़ी के पैटर्न से मैच करता हुआ ब्लाउज ही आपको पहनना चाहिए। इसके कई डिजाइंस आपको रेडीमेड भी मार्केट में मिल जाएंगे। साड़ी पहनना हम सभी पसंद करते हैं। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। साड़ी को स्टाइलिश बनाने के लिए सही तरीके के ब्लाउज को साथ में स्टाइल किया जाना बेहद जरूरी होता है। आजकल की बात करें तो डीप नेक और बैकलेस ब्लाउज को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है।



बैकलेस में आपको कई तरह के फैंसी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। तो आइए देखते हैं साड़ी को मॉडर्न और स्टाइलिश लुक देने के लिए बैकलेस ब्लाउज के कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन साड़ी लुक्स में जान डालने के आसान टिप्स-

### डोरी डिजाइन ब्लाउज

डोरी डिजाइन के ब्लाउज आप आजकल मार्केट में आपको रेडीमेड में भी देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के डोरी वाले ब्लाउज में स्टाइलिश लुक के लिए आप सिंपल गोल गला भी बनवा सकती हैं। नेकलाइन को फैंसी लुक देने के लिए आप पाइपिंग लेस भी लगवा सकती हैं। डोरी में आप हैवी और फैंसी डिजाइन की लटकन को भी ब्लाउज में लगवा सकती हैं। डोरी में आप बो डिजाइन भी बना सकती हैं।

### लटकन बैकलेस ब्लाउज डिजाइन

किसी शादी या पार्टी में जा रही हैं तो अक्सर हम हैवी वर्क वाली फैंसी साड़ियों को पहनना पसंद करते हैं। इसमें आपको मिरर वर्क से लेकर सीक्वेन डिजाइन में रेडीमेड ब्लाउज देखने को मिल जाएंगे। इसके लिए आप चाहें तो हैवी लटकन वाले ब्लाउज को पहन सकती हैं। इसके लिए आपको डोरी लगवाने की जरूरत नहीं है। आप इसके लिए कोई पुरानी ज्वेलरी को भी स्टाइल कर सकती हैं।

### डीप वी-नेक ब्लाउज डिजाइन

बैकलेस में अगर आप कोई शेप में गले के डिजाइन को बनवाना चाहती हैं तो इस तरह से वी-शेप में नेक लाइन बनवा सकती हैं। देखने में इस तरह की नेक डिजाइन बेहद फैंसी लुक देने का काम करती हैं। चाहें तो इसमें आप डबल डोरी भी लगवा सकते हैं।

# साड़ी हो या सूट हर किसी के साथ अच्छी लगेंगी ये फैंसी हील्स, कुछ खास डिजाइंस

जब भी कोई आउटफिट स्टाइल करते हैं, तो अच्छे फुटवियर जरूर पहनते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक भी अच्छा लगता है। साथ ही, ट्रेंडी डिजाइन ट्राई करने को मिलता है।

### स्टोन वर्क हील्स करें स्टाइल

आप सूट या साड़ी के साथ स्टोन वर्क वाली हील्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स में आगे की तरफ वर्क मिलता है। पीछे सिंपल स्टेप आती है। हील्स भी आपको ब्लॉक मिलती है। इससे आपको इसे पहनने में कम्फर्टेबल फील होता है। इसे आप साड़ी और सूट दोनों के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 800 रुपये में मिल जाती है।

### हैवी वर्क वाली हील्स

अगर आप किसी शादी पार्टी के लिए हील्स को स्टाइल करना चाहती हैं, तो इस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको आगे पंजों के पास वाले डिजाइन में एम्ब्राइडरी वर्क मिलेगा। इसके साथ नीचे हील्स पर भी



गोटा और स्टोन वर्क मिलेगा। इस तरह की हील्स भी सूट और साड़ी दोनों के साथ अच्छी लगती हैं। मार्केट में आसानी से मिल भी जाती है। जिसे आप वियर करके लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसे आप 500 से 1,000 रुपये में खरीद सकती हैं।

### शिमर वर्क हील्स करें स्टाइल

आप कुछ अलग ट्राई करने के लिए सूट और साड़ी के साथ शिमर वर्क हील्स को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की हील्स में साइड एरिया में वर्क मिलता है। इसका बेस एक ही कलर में आता है। इससे आपकी हील्स और भी अच्छी लगती है।

# स्किन को मॉइश्चराइज करने चेहरे पर इस्तेमाल करें घरेलू चीजें, जानें फायदे

सर्दियों में स्किन का ध्यान रखना ज्यादा जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे तेज धूप और बदलते टेंप्रेचर का असर सबसे ज्यादा त्वचा पर दिखाई देता है।

### स्किन मॉइश्चराइज करने का तरीका

इसके लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी लेनी है। अब इसमें दूध डालना है। फिर इसमें ग्लिसरीन को मिक्स करना है। इसके बाद इसमें शहद को डालें और फ्रेश एलोवेरा मिक्स करें। अब कॉटन पैड लें और इसे चेहरे पर लगाएं। इससे आपको सर्कुलर मोशन में चेहरे पर लगाना है। फिर अपने चेहरे को साफ कर लेना है। इसे लगाने से आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी। साथ ही, मॉइश्चराइज नजर आएगी।

### घरेलू चीजों के इस्तेमाल करने के फायदे

शहद स्किन के लिए अच्छा होता है। इससे त्वचा हाइड्रेट रहती है। साथ ही, ग्लोइंग नजर आती है। इसमें हाइड्रेशन गुण ज्यादा होते हैं। इसलिए ज्यादातर चीजों में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

कच्चा दूध चेहरे के शांत रखता है। अगर किसी



तरह की रेडनेस या फिर एलर्जी है, तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे त्वचा हेल्दी रहेगी। साथ ही, ग्लोइंग भी नजर आएगी।

ग्लिसरीन सूजन को शांत करने में मदद करता है और इसका उपयोग आप सेंसेटिव त्वचा पर किया जा सकता है। इसे आप रोजाना भी अपने चेहरे पर लगा सकती हैं। टीवी एक्ट्रेस के बताए गए इन तरीकों को ट्राई करें। इससे स्किन हाइड्रेट रहेगी। साथ ही, मॉइश्चराइज नजर आएगी। लेकिन अगर आपको स्किन से जुड़ी कोई प्रॉब्लम है, तो एक्सपर्ट सलाह जरूर लें। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहेगी। चेहरे पर किसी भी चीज को लगाने से पहले पैच टेस्ट करें।

## कार्नर न्यूज

### अच्छी ड्रेसिंग का असर पड़ता है आपके आत्मविश्वास, व्यवहार और बातचीत पर

# मेंस फैशन के लिए बेस्ट टिप्स जानिए, शानदार ड्रेसिंग सेंस के साथ मिलेगा स्टाइलिश लुक भी

पुरुषों में फैशन का क्रेज पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ गया है। जब आप अच्छे से तैयार होते हैं, तो इससे आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है। सही कपड़े पहनने से आप अपने आप को बेहतर महसूस करते हैं और इस आत्मविश्वास का असर आपके व्यवहार और बातचीत पर भी पड़ता है।

### फैशन एक प्रकार की कला

फैशन एक प्रकार की कला है। इसमें रंग, डिजाइन, और विभिन्न पैटर्न्स का इस्तेमाल करके आप अपने व्यक्तित्व को दिखाते हैं। यह सिर्फ कपड़े नहीं बल्कि एक तरीका है अपने अंदर की क्रिएटिविटी को बाहर लाने का। आजकल अधिकतर पुरुष फैशन की तरफ ध्यान दे रहे हैं।

### हर मौके के लिए अलग स्टाइल

अच्छे कपड़े और फैशन का मतलब हमेशा स्टाइलिश दिखना नहीं होता। यह भी ज़रूरी है कि कपड़े आपके शरीर के प्रकार और फिट के अनुसार सही हों, ताकि आप ज्यादा आरामदायक और फिट महसूस कर सकें। एक इंटरव्यू, पार्टी या फिर रोज़मर्रा की ज़िंदगी के लिए अलग-अलग तरह के फैशन हो सकते हैं।



### आकर्षक लुक पाने के लिए रखें इन चीजों का ध्यान

पुरुष अक्सर खुद को स्टाइलिश और ट्रेंडी तरीके से रखने की कोशिश करते हैं। इसके बावजूद कभी-कभी मनचाहा लुक पाना मुश्किल हो सकता है। आकर्षक लुक पाने के लिए सही एक्सेसरीज का चयन करना बहुत ज़रूरी है। सनग्लास, वॉलेट और बेल्ट जैसी ज़रूरी चीज़ें, स्टाइलिश या स्मार्ट वॉच के साथ मिलकर पुरुषों के पहनावे को काफ़ी हद तक निखार सकती हैं।

### सही शर्ट का चयन करना जरूरी

जब शर्ट की बात आती है तो विकल्प बहुत सारे हैं, जो विभिन्न अवसरों के लिए उपयुक्त हैं। पुरुष कैजुअल मैंडरिन कॉलर शर्ट, डेनिम स्लिम कैजुअल शर्ट, प्लेन फिट कैजुअल शर्ट, सॉलिड रेगुलर फिट कैजुअल शर्ट और नॉर्मल कॉटन शर्ट जैसी शर्ट की एक सीरीज से अपने हिसाब से चयन कर सकते हैं।

### ऐसे करें सही जूतों का चुनाव

जूतों का चुनाव किसी भी पहनावे को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता है। काले जूते ऑफिश्यली मौकों के लिए एक क्लासिक विकल्प हैं और ऑफिस मीटिंग या इवेंट के लिए भी उतने ही अच्छे हैं। जो लोग अपने लुक में स्टाइल को जोड़ना चाहते हैं, उनके लिए रेड टेप फॉर्मल शूज़ एक फैशनेबल विकल्प है।

### सही कोट और पैंट कैसे चुने

कोट और पैंट में बेहतरीन लुक पाने के लिए पुरुष कई तरह के स्टाइल आजमा सकते हैं जैसे कि टाइप अप कोट, स्लिम फिट सिंगल-ब्रेस्टेड सूट, स्लिम फिट सूट और फुल शोल्डर डिज़ाइन वाले स्लिम कट 3डी कोट पैंट।

